Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित







पीएम मोदी से मिलीं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी.....०१



Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in



अमेरिका में कमला हैरिस का समर्थन कर रहे अरबपति.....०६



वर्ष: ०२ अंक: 89 | बदायूं, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ- ०६ | मूल्य- 4.०० रूपये


### अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले जेपी नड्डा

## भारत वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में योगदान के लिए प्रतिबद्ध



**दिल्ली।** भारत में पहली बार केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा आयोजित औषधि नियामक प्राधिकरणों के 19वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सोमवार को उद्घाटन हुआ। उद्घाटन करने के लिए पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने औषधि नियामक प्राधिकरण का चिकित्सा जगत में योगदान को लेकर कहा कि यह मंच 12० से अधिक देशों के विशेषज्ञों और नेताओं को एक साथ लाता है और वैश्विक स्वास्थ्य मानकों को बढ़ाने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए भारत की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि स्थायी स्वास्थ्य समाधान बनाने के लिए सीमाओं, क्षेत्रों और विषयों के पार सहयोग आवश्यक है। जेपी नड्डा ने कोविड-19 के दौरान भारत का दुनिया भर में योगदान को लेकर कहा कि भारत न केवल स्वास्थ्य लचीलेपन और नवाचार में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, बल्कि कोविड-19 महामारी के दौरान दुनिया की फार्मेसी के रूप में अपनी भूमिका की भी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि देश ने घरेलू और वैश्विक दोनों मांगों को पूरा करने के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार किया और अपने वैक्सीन उत्पादन को बढ़ाया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एक अरब से ज्यादा लोगों को कवर करने वाले कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम का सफल रोलआउट हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की मजबूती और हमारे स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण और हमारी नीतियों का प्रमाण है। दुनिया की फार्मेसी के रूप में भारत ने दुनिया भर के देशों के लिए जरूरी दवाओं, टीकों और चिकित्सा आपूर्ति तक किफायती पहुंच सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है।

केंदीय मंत्री ने वसुधैव कुटुम्बकम का जिक्र करते हुए कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत से प्रेरित होकर, हम महामारी के दौरान जीवन रक्षक दवाएं और टीके उपलब्ध कराने वाले 15० से ज्यादा देशों को अपना समर्थन देते हैं। अंतरराष्ट्रीय एकजुटता की यह भावना वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण का मूल है। इसके साथ ही उन्होंने कहा हमारा मानना है कि हमारी प्रगति दुनिया की प्रगति से अविभाज्य है और इसलिए हम वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा और स्थिरता में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह मंच इस बात पर चर्चा करने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है कि उभरती वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए देशों के बीच सहयोग कैसे बढ़ाया जा सकता है।

## बहराइच में सड़क पर पिस्टल लेकर उतरे एनकाउंटर स्पेशलिस्ट

### हालात काबू करने पहुंचे एडीजी अमिताभ यश



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रविवार रात को कई जिलों में बवाल हुआ। गोंडा, बलरामपुर के बाद बहराइच जिला पथराव और आगजनी से सुलग उठा। युवक की हत्या के बाद जमकर बवाल हुआ। देर रात तक प्रदर्शन और जगह-जगह आगजनी होती रही। इस बीच पुलिस और प्रशासन बैकफुट पर नजर आया। वहीं अगले दिन जब प्रशासन जागा तो सड़क पर खुद अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश भीड़ को खदेड़ते हुए नजर आए।

सोशल मीडियो पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह हाथ में पिस्टल लेकर भीड़ को भगाते हुए नजर आ रहे हैं। वह सिपाहियों से कहते हुए नजर आ रहे हैं भगाव...मारो सालों को। यह पूरा वाकया रमपुरवा चौकी के पास का है। जहां अमिताभ यश के सामने भी जब उग्र भीड़ नहीं रुकी और एक वाहन तोड़ दिया। जिसके बाद उन्होंने अपनी पिस्टल से हवा के एक फायर किया और भीड़ को खदेड़ा। बहराइच में महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में गाने को लेकर हुए विवाद के बाद दूसरे समुदाय के युवकों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे दुर्गा प्रतिमा खंडित होने पर पूजा समिति के सदस्यों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया तो दूसरे समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा (24) को घर के अंदर घसीट ले गए और गोली मार दी। उसे बचाने पहुंचे राजन (28) भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना का पूरे जिले में विरोध शुरू हो गया। विसर्जन कमेटी के लोगों ने बहराइच-सीतापुर हाईवे पर चहलारी घाट पुल के पास जाम लगा प्रदर्शन शुरू कर दिया। बहराइच-लखनऊ हाईवे भी जाम कर दिया गया। बवाल के बाद रात को सैकड़ों जगह प्रतिमा विसर्जन रोक दिया गया। मामला बढ़ता देख छह थानों की पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार शाम महसी तहसील की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। महराजगंज कस्बे में पहुंचने पर दूसरे समुदाय के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और गाली गलौज शुरू कर दी।

### एक नजर

#### पीएम आवास में नरेंद्र मोदी से मिली दिल्ली की सीएम आतिशी



**दिल्ली।** की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पद की शपथ लेने के बाद यह उनकी पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर मुलाकात के बारे में पोस्ट साझा किया।

जानकारी के लिए बता दें कि आतिशी ने आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री का पद संभाला था। केजरीवाल ने आबकारी घोटाला मामले में जेल से रिहा होने के बाद मुख्यमंत्री पद छोड़ने का फैसला किया था।

## बहराइच सांप्रदायिक तनाव: सीएम योगी बोले, माहौल बिगाड़ने वाले बचेंगे नहीं



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहराइच में बीती शांम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा हुई। इस हिंसा में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। कुछ युवक इस घटना से घायल हुए है। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने वाले बचेंगे नहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन का कार्य बिना किसी रुकावट के जारी रहना चाहिए और धार्मिक संगठनों से संवाद कर समय पर प्रतिमा विसर्जन कराया जाए। उन्होंने जनता को सुरक्षा की गारंटी देते हुए प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल पर मौजदूगी सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिनकी लापरवाही से इस प्रकार की घटना घटित हुई, उनकी पहचान की जाए और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि बहराइच के महाराजगंज बाजार में कुछ लोगों द्वारा मूर्ति विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी करने पर दो समुदायों के लोग आमने सामने आ गए थे। गुस्साई भीड़ ने बाजार में तोड़फोड़ की। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा त्योहारों पर सुरक्षा प्रबंध को लेकर दो बार वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए वरिष्ठ अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने के बावजूद गोरखपुर जोन के कुछ जिलों में प्रतिमा विसर्जन के दौरान माहौल बिगड़ गया। बहराइच में प्रतिमा विसर्जन के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में चार युवकों को गोली लगने की घटना हुई।

## सूरजपुर में भारी बवाल: आक्रामक भीड़ ने आरोपी के घर में लगाई आग

### एसडीएम के साथ की मारपीट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब की 32 वर्षीय पत्नी और 11 बेटी की हत्या के बाद आज भीड़ उग्र हो गई। इस भीड़ के आक्रमक होने पर वहां पहुंचे एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने दौड़कर अपनी जान बचाई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

इस डबल मर्डर की वारदात से सूरजपुर में तनाव की स्थिति है। आक्रोशित भीड़ ने थाने के सामने धरना दिया और जमकर नारेबाजी की है। गुस्साई भीड़ ने हत्या के आरोपी कुलदीप साहू के घर को फूंक दिया है। घटना के विरोध में लोगों ने इलाके की सारी दुकानों को बंद कर दिया है। फिलहाल, सूरजपुर शहर और आस-पास की एरिया में तनावपूर्ण स्थिति है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर भीड़ को काबू करने में जुटे हुए हैं। पुलिस लगातार लोगों को समझाइश दे रही है। बेटी और मां के हत्या का आरोपी कुलदीप साहू आदतन बदमाश है। इस घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने आरोपी साहू के पुराना बाजार स्थित मकान को आग के हवाले कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, आरोप कुलदीप साहू एनएसयूआई का पूर्व महासचिव रह चुका है। घटना की सूचना पर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाने की कोशिश पर गुस्साई भीड़ ने एसडीएम पर हमला कर दिया। एसडीएम को भी पीटा। किसी तरह से वह अपनी जान बचाकर भागे। एक जवान ने उन्हें बचाने के लिए भीड़ से बाहर करते हुए दिखा। भीड़ ने आरोपी के घर के पास और गोदाम के पास खड़ी कई गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया है।

## संजय सिंह बोले- लॉरेंस बिश्नोई गुजरात की जेल में बंद, कुछ नहीं कर पा रही भाजपा सरकार



**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मुंबई में बाबा सिद्दीकी की हत्या को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करके भाजपा पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जहां भी भाजपा की सरकार है वहां अराजकता का माहौल है। भाजपा शासित राज्यों में अपराध चरम पर है, हत्या और लूट की घटनाएं हो रही हैं। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में अपहरण की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और भजपा की सरकारें कानून व्यवस्था कायम करने में पूरी तरह से फेल साबित हो रही हैं। बाबा सिद्दीकी को लेकर संजय सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री की हत्या कोई आम घटना नहीं है। संजय सिंह ने कहा कि बाबा सिद्दीकी सत्ता पक्ष के नेता थे उनको वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली थी फिर उनकी सरेआम हत्या कर दी गई।

## भारत कनाडा से वापस बुलाएगा उच्चायुक्त, भारत सख्त



**दिल्ली।** भारत सरकार ने उच्चायुक्त, अन्य राजनयिकों और अधिकारियों को कनाडा से वापस बुलाने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने इस बारे में बयान भी जारी कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि उग्रवाद और हिंसा के माहौल में ट्रूडो सरकार के कार्यों ने भारत के अधिकारियों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। हमें वर्तमान कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है। इसलिए भारत सरकार ने उच्चायुक्त, अन्य राजनयिकों और अधिकारियों को वापस बुलाने का निर्णय लिया है।

दरअसल कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले आरोप लगाया था कि हत्या में भारतीय एजेंट शामिल हैं। कनाडा के इस आरोप को हास्यास्पद करार देते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा था कि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपने राजनीतिक फायदे के लिए जानबूझकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। भारतीय राजनयिकों के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाने की कनाडा सरकार की नई कोशिशों के जवाब में अब भारत के पास आगे कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित है। इस बीच, भारत ने कनाडा के नए आरोपों पर कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया था। कनाडा के उच्चायुक्त से बातचीत के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा से उच्चायुक्त, राजनयिक और अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया।

मंत्रालय ने कहा कि कनाडा के पीएम ट्रूडो ने सितंबर 2०23 में कुछ आरोप लगाए थे, लेकिन हमारे कई अनुरोधों के बावजूद कनाडा सरकार ने भारत सरकार के साथ एक भी सबूत साझा नहीं किया। कनाडा का यह नया कदम उन बातचीत के बाद उठाया गया है जिनमें एक बार फिर बिना किसी तथ्य के दावे किए गए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह उसकी जांच के बहाने राजनीतिक लाभ के लिए भारत पर कीचड़ उछालने की एक सोची समझी रणनीति है। भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने वाला यह नवीनतम घटनाक्रम अब उसी दिशा में अगला कदम है। विदेश मंत्रालय से निकलने के बाद कनाडा के उच्चायुक्त स्टीवर्ट व्हीलर ने कहा कि कनाडा ने भारत सरकार के एजेंटों और कनाडा में एक कनाडाई नागरिक की हत्या के बीच संबंधों को लेकर विश्वसनीय सबूत उपलब्ध कराए हैं। अब भारत के लिए समय आ गया है कि वह जो कहता है उस पर खरा उतरे और सभी आरोपों पर गौर करे। इसकी तह तक जाना दोनों देशों और उनके लोगों के हित में है। कनाडा भारत के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है।

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारत को रविवार को कनाडा ने राजनयिक माध्यम से जानकारी दी कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक उनके देश में एक जांच से संबंधित मामले में 'पर्सन ऑफइंटरेस्ट' हैं। पर्सन ऑफ इंटरेस्ट का मतलब यह है कि किसी एक व्यक्ति के बारे में पुलिस को लगता है कि वह किसी अपराध में शामिल हो सकता है लेकिन उस औपचारिक आरोप नहीं लगाए सकते और न गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। हालांकि उसकी गतिविधियों, संपर्कों और अन्य जानकारी को जांच के दायरे में रखा जाता है। मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार इन बेतुके आरोपों को पूरी दृढ़ता से खारिज करती है।



# जुआरियों का गढ़ बना सासनीगेट क्षेत्र

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** थाना सासनीगेट क्षेत्र के कई इलाकों में जुआरियों और सटोरियों का अड्डे बने हुये है। बता दें कि थाना सासनीगेट क्षेत्र के महेन्द्र नगर,अवतार नगर,पला साहिबाबाद, गम्भीरपुरा, बराई मौहल्ला आदि विभिन्न क्षेत्रों में धड़ल्ले से जुआ और सट्टे का कारोबार चरम पर चल रहा है, वहीं चिड़िया बल्ला और आपीएल का खेल भी जमकर चल रहा है।



लेकिन पुलिस प्रशासन का इस पर कोई ध्यान नहीं है। महेन्द्र नगर, अवतार नगर, पला साहिबाबाद, गम्भीरपुरा, बराई मौहल्ला आदि विभिन्न क्षेत्रों में में इन दिनों जुआरियों और सटोरियों के अलावा चिड़िया बल्ला, और आईपीएल खेत्र का गढ़ बना हुआ है, लेकिन पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा हुआ है। वहीं लोगों ने कई बार प्रशासन के अधिकारियों को जुआ और सट्टे पर लगाम लगाने के लिए ज्ञापन भी सौंपे, लेकिन उसका भी कोई खास असर नजर नहीं आया। स्थानीय लोगों का आरोप है की पुलिस प्रशासन की मिलीभगत के चलते उक्त क्षेत्रों में जुआरियों और सटोरियों का कारोबार पनप रहा है।

स्थानीय युवाओं ने बताया की महेन्द्र नगर और पला साहिबाबाद इलाके में छोटे स्तर से लेकर बड़े स्तर तक यह कारोबार खूब फल-फूल रहा है। हर गली, मोहल्ले में जुआरियों और सटोरियों के आतंक को देखा जा सकता है, जिससे कई जिंदगी और परिवार बर्बाद हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन का इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। महेन्द्र नगर, अवतार नगर,पला साहिबाबाद, गम्भीरपुरा, बराई मौहल्ला आदि विभिन्न क्षेत्रों में इलाका जुआरियों और सटोरियों का अड्डा बना हुआ है। धडल्ले से जुआ सट्टे का कारोबार चरम पर.जिसके चलते कई घर भी तबाह हो गये, लेकिन पुलिस प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है.जिसके चलते जुआरियों सटोरियों के दिनोंदिन हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। इस मामले में एसपी सिटी मंगांक शेखर पाठक का कहना है कि पुलिस द्वारा बीते दिन ही सट्टे पर कार्रवाई करते हुए मुल्जिमों को गिरफ्तार किया गया है। आगे भी कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी,अगर लोगो की सुचना मिलेगी तो तुरंत कारवाई की जायेगी।

## डिजिटल अरेस्ट कर 75 लाख ठगे

**अलीगढ़।** एएमयू की पूर्व प्रोफेसर को साइबर ठगों ने शिकार बना लिया। दोदपुर के ड्रीम अपार्टमेंट निवासी पूर्व प्रोफेसर कमर जहाँ को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर लिया। साइबर ठगों ने पूर्व प्रोफेसर को मनी लोडिंग के केस में आरोपी की मदद करने का हवाला देकर डराया और फिर 75 लाख रुपए की ठगी कर ली। इस दौरान साइबर ठग प्रोफेसर को वीडियो कॉल पर ही रखते थे। साइबर ठगों ने पूर्व प्रोफेसर को इतना डरा दिया कि उन्होंने 75 लाख रुपया ट्रांसफर कर दिया। पैसे ट्रांसफर होने के बाद पूर्व प्रोफेसर को ठगी का एहसास हुआ तो थाना साइबर में मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने 13 लाख रुपया होल्ड कर दिया है। फिलहाल यह घटना घटित होने के बाद पूर्व प्रोफेसर बुरी तरह डरी हुई है और किसी से भी मुलाकात नहीं कर रही है। पीड़िता ने कैमरे पर आने से भी साफइनकार कर दिया है।

# भगवान श्री रामचंद्र जी चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस लौटे



**अमर भास्कर ब्यूरो।**

**स्योहारा।** नगर में राम लीला मैदान में राम लीला का मंचन किया जा रहा है जिसमें बाहर से आये कलाकारों द्वारा संचालित राम चरित्र मानस में श्री रामचंद्र जी के अयोद्या वापस न आने पर उनके भाई भरत जी ने अपने प्राण न्योछावर करने का प्रण ले रखा था। श्री राम चन्द्र जी एक दिन की देरी किए बिना पुष्पक विमान से अयोध्या वापस आये। उनके साथ सुग्रीव, अंगद, विभीषण, हनुमान जी, निशाद राज आदि आये। रामचरित मानस के इस पाठ का कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से चित्रण प्रस्तुत किया गया।

श्री राम लीला मंचन में राम लीला मंच पर थाना अध्यक्ष अवनीत मान ने भगवान श्री राम चन्द्र जी का तिलक किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष राजवीर सिंह त्यागी ,मंच प्रबंधक राजपाल सिंह प्रजापति, प्रवधंक सुनील कुमार शर्मा, अमरसिंह वर्मा ,महेंद्र सिंह रवि, पिन्टू कुमार प्रजापति, नृत्य कला मंडल के अध्यक्ष ऋषि राम सैनी ,सभासद व मंत्री सतेन्द्र सैनी, इन्द्र सिंह तोमर, प्रकाश तोमर आदि उपस्थित रहे।

# गुलदार के हमले में दो की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**नहटौर।** मा व ताई के साथ जंगल जा रही एक बालिका को गुलदार ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया विधायक ओम कुमार ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों को सातवा दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



क्षेत्र के ग्राम मलकपुर निवासी तानिया 8 वर्ष अपनी मां सुनीता व ताई तारावती के साथ जंगल धान की कटाई करने गई थी । इस दौरान गुलदार ने बालिका पर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई बच्ची को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जंगल में गुलदार होने की सूचना पर मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ पहुंच गई बाद में ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और मजे की मांग को लेकर पड़ गए जिसको लेकर काफी देर तक हंगामा चला रहा। सूचना पर तहसीलदार पवन शर्मा, वन रेंजर गोविंद राम गंगवार, नायब तहसीलदार जितेंद्र चाहल, कोतवाल धीरज सोलंकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और आपदा के तहत 4 लाख रुपये व वन विभाग द्वारा 1 लाख रुपये मुआवजा दिलाने की आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए इसके बाद पुलिस ने बच्ची के शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**अलीगढ़।** थाना गभाना क्षेत्र के हाईवे महरावल के पास मोपेड सवार महिला की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। जिससे परिवार में मातम छा गया। मैनपुरी के थाना क्षेत्र के ओरछा के गांव विक्रमपुर हाल मुकाम गाजियाबाद के सैक्टर 62 खोड़ा निवासी ज्ञान सिंह सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वह 4 अक्टूबर को पत्नी रीना देवी, 10 वर्षीय बेटा सौरभ के साथ मोपेड से किसी काम को लेकर गांव आए हुए थे। गुरुवार की सुबह साढ़े चार बजे वह घर से गाजियाबाद के लिए जा रहे थे।

जैसे ही वह हाईवे महरावल के पास पहुंचे कि किसी अज्ञात वाहन ने मोपेड में टक्कर मार दी। हादसे में रीना देवी की मौत हो गई। हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका रीना देवी अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी को रोते-बिलखते छोड़ गई।

# संक्रामक रोगों से बचने के लिए जागरुकता जरूरी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** संक्रामक रोगों पर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि की हैसियत से पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी सिंह मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा की स्वच्छता समाज के लिए सबसे बड़ा तोहफा है।



जहां स्वच्छता है साफ सफाई है वहां बीमारियों का अभाव है । संक्राामक रोगों से बचने के लिए हमको स्वच्छता का पालन करना होगा। उनका यह भी कहना था की स्वच्छता में कई बातें आती हैं जिम हाथ धोकर खाना खाना बच्चों को साफ-सफाई के साथ रखना स्वच्छ कपड़े पहनना घरों के आसपास गंदगी एकत्र नहीं होने देना आसपास जल भराव नहीं होने देना तथा सोने के बिस्तरों को भी समय-समय पर धूप में सुखा के रखना जरूरत पड़ने पर क्लोरीन अथवा सोडा या साबुन से उनकी सफाई करना यह सब स्वच्छता के अंतर्गत ही आते हैं स्वच्छता अपनाने से तमाम तरह की बीमारियों से हम स्वस्थ है दूर रह सकते हैं टाइफाइड मलेरिया टीवी और तमाम संक्रामक रोग गंदगी की वजह से ही फैलने समय रहती है दिन का उपाय नहीं किया गया है। उक्त बातें उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहानी कम्युनिटी हेल्थ में प्रमाण पत्र लेने आए सभी अभ्यर्थियों को कहा कि आपकी जिम्मेदारी है। आप समाज को स्वस्थ रखने में उसकी मदद करें तथा आपातकालीन स्थिति में उन्हें उपचार प्रदान करते हुए उपयुक्त चिकित्सक के पास भेज दें जिससे वह अपनी बीमारी से निजात पा सके आप डॉक्टर नहीं है। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पूर्व डॉक्टर एसपी सिंह ने संस्थान में आए छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

प्रमाण पत्र लेने वालों में मुख्य रूप से नितिन शिकोहाबाद दीक्षा फिरोजाबाद अखिलेश यादव दादो देवेंद्र यादव दादो उदयवीर अलीगढ़ संतोष कुमार निधौली पूजा शर्मा आगरा राकेश नगला डालचंद अलीगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से छात्र-छात्राएं मौजूद रहे इस दौरान पूरब एसीएमओ डॉक्टर एसपी सिंह, डॉक्टर अनिल कुमार, डॉक्टर सुभाष, डॉक्टर अनिल वार्ष्णेय, डॉ देवेंद्र मोहन सैंगर आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया वही बेटियों ने फूल माला देकर उनका स्वागत किया।

# बड़े बकायेदारों पर नगर निगम का शिकंजा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** दशहरे के सार्वजनिक अवकाश के बावजूद नगर निगम संपत्ति कर वसूली में वृद्धि को लेकर प्रयासरत नगर आयुक्त विनोद कुमार ने समीक्षा करते हुए नगर निगम संपत्ति विभाग को अगले 7 दिनों में बड़े बकायेदारों पर संपत्ति कर जमा नहीं करने पर कुर्की और भवन सील करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।



नगर आयुक्त ने नगर निगम के चारों जोन में बड़े बकायेदारों की सूची को तलब करते हुए सूची को सार्वजनिक किये जाने के निर्देश दिए है। अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि समस्त उल्लिखित भवन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति कर के बकाये की वसूली हेतु उ०प्र० नगर निगम, अधिनियम 1959 की धारा 504 एवं 506 के अनुसार बिल एवं नोटिस प्रेषित किये गये एवं व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करने के उपरान्त भी भवन स्वामियों द्वारा देय सम्पत्ति कर का भुगतान नहीं किया गया है।

अत: समाचार पत्र के माध्यम से भी समस्त हितबद्ध भवन स्वामियोंध्अध्यासियों को सूचित किया जाता है कि तत्काल सम्पत्ति कर का भुगतान न किये जाने पर उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 507, 508, 509, 512 व 513 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्नांकित भवनों की कुर्कीध्भवन सील की कार्यवाही जोनल अधिकारीध्कर अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस सहायता के साथ नियत तिथि को की जायेगी।

सूची में अंकित बकायेदारध् भवन स्वामी/अध्यासी से मौके पर अथवा कार्यालय में भुगतान के समय नोटिस फीस, वारन्ट फीस के साथ 500.00 अतिरिक्त प्रकाशन व्यय के रूप में वसूल किया जायेगा। यदि किसी सम्पत्ति कर बकायेदार द्वारा नियत तिथि के पूर्व भवन स्वामी अध्यासी द्वारा सम्पत्ति कर बकाये की धनराशि का भुगतान कर दिया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी।

## नॉनवेज पार्टी, खाने में परोसी गई अंडा करी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** थाना गांधी पार्क इलाके के रामलीला मैदान में रावण दहन के बाद नॉनवेज पार्टी हुई है। आरोप है कि रावण दहन के बाद शनिवार रात्रि करीब 11:00 बजे कमेटी के समस्त पदाधिकारी रामलीला मैदान पहुंचे और नॉनवेज पार्टी की है। आरोप है कि इस पार्टी की कमेटी के अध्यक्ष विमल अग्रवाल को कोई जानकारी नहीं है।

फिलहाल रावण दहन के बाद रामलीला मैदान में हुई नॉनवेज पार्टी के वीडियो सामने आए हैं। जानकारी देते हुए दावत के व्यवस्थापक ने बताया कि करीब 60 लोगों का खाना था जिसमें 80 लोगों ने खाना खाया है। खाने में अंडा करी, पनीर, दाल खीर व अन्य सामान भी था।

# अरुण वर्मा ने किया कन्या भोज का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**स्योहारा।** इस माह चले नौ दुर्ग व्रतों में अष्टमी पूजा पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यापारी नेता अरुण कुमार वर्मा और उनके परिवार ने अपने निवास स्थान पर कन्याओं के लिये भोज का आयोजन कराया। जिसकी ज्यादा जानकारी देते हुए अरुण कुमार वर्मा ने बताया की हिन्दू समाज में नौ दुर्गे पर्व का बहुत विशेष महत्व है जिसके अंतर्गत पुत्री,ब्रह्मचारणी, स्कंद माता, कायतनी, काल रात्रि,महागौरी,व सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर धर्म लाभ कमाया जाता है इसके अलावा अंतिम दिन कन्याओं को भोज कराकर अपनी आराध्य देवियों की आराधना की जाती है। अरुण वर्मा लगभग 20 सालों से ये कन्या भोज कराते हैं जिसके अंतर्गत आज भी कई कन्याओं को भोज कराया गया। इस मौके पर अशोक कुमार वर्मा, अरुण कुमार वर्मा, वैजयंती माला वर्मा, डॉक्टर अश्वनी वर्मा, आरती वर्मा, अनिरुद्ध कुमार वर्मा, अलका रानी वर्मा, डॉक्टर अमित कुमार वर्मा, मनु रानी वर्मा, अक्षय कुमार वर्मा, नेहा वर्मा आदि परिजन मोजूद रहे।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**स्योहारा।** नगर के प्रमुख गायत्री देवी शिक्षण संस्थान में नवरात्रि व दशहरा पर्व के उपलक्ष में नन्हे मुन्ने छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गए। जिसमें बच्चों द्वारा डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसकी सभी अध्यापिकाओं व बच्चो द्वारा सरहाना की गई।




इसी श्रृंखला में छोटी-छोटी नन्ही बालिकाओं ने देवी के स्वरूप की झांकियां प्रस्तुत की जो सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रही। दशहरा के उपलक्ष में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भगवान श्री राम के आदर्शों को नाटक के रूप में प्रस्तुत किया गया अयोध्या से वनवास, शबरी के झूठे बेर व रावण दहन से लेकर अयोध्या में आगमन का बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुति दी गई जिसे सभी ने मंत्र मुक्त होकर देखा और बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा की । इसी श्रृंखला में बच्चों के द्वारा सुंदर-सुंदर क्राफ्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई। विद्यालय की अध्यक्षा सुधा रस्तौगी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों के अंदर कलात्मक प्रवृत्ति का विकास होता है उन्होंने सभी बच्चों और अध्यापिकाओं को इस सुंदर आयोजन के लिए बधाई दी । विद्यालय की प्रधानाचार्या पर्ल रस्तोगी ने कहा ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा हम बच्चों के अंदर आत्मविश्वास उत्पन्न कर सकते हैं ताकि आत्मविश्वास के द्वारा बच्चे अपनी कोशल क्षमताओं का विकास कर सके। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय इकी अध्यक्षा व प्रधानाचार्या द्वारा सभी बच्चों को बहुत सुंदर उपहार देकर सम्मानित किया गया ताकि बच्चे आगे भी ऐसी कार्यक्रम में भाग ले सकें।

## अग्रसेन की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**अलीगढ़।** अग्रवाल परिषद के द्वारा आज रसल गंज स्थित अग्रसेन चौक पर अग्रसेन महाराज की 5148 वीं जयंती के उपलक्ष में महायज्ञ का आयोजन किया गया।

महायज्ञ में यजमान रामकुमार बंसल समेत अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, महामंत्री मनोज गर्ग, संस्थापक पवन मोरनी, कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल एवं जयन्ती संयोजक नवीन नारायण ने सस्तनिक महायज्ञ में आहुतियाँ प्रदान की। कार्यक्रम में आये सभी सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत पतका ओढ़ाकर मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल एवं राकेश बंसल ने किया। तत्पश्चात सभी अग्रबंधुओ ने मिलकर महाराजा अग्रसेन की मिर्त पर माल्यार्पण किया। उसके बाद अग्रसेन चौक से प्रभात फेरी निकाली गयी।

# अपहरण के आरोपी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बिजनौर।** थाना स्योहारा पर 13 अक्टूबर 2024 को दी गई सूचना के आधार नाबालिक लड़की के अपहरण की घटना में पंजीकृत हुए मुकदमे में पुलिस द्वारा अपहर्ता और अपहरण के आरोपी को बरामद कर वापस ला रहे आरोपी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचानक हुई इस गम्भीर घटना से पुलिस विभाग में हड़कमम्प मच गया और परिजनों में कोहराम मच गया।




इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अक्टूबर को थाना सयोहारा जनपद बिजनौर में एक नाबालिक बच्ची के अपहरण होने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसमें थाना स्योहारा में मुकदमा पंजीकृत कर किया गया था। 24 अक्टूबर 20 24 को सूचना प्राप्त हुई की उक्त मुकदमे उपनिरिक्षक सुनील कुमार द्वारा कार्यवाही की जा रही थी जिसमे अपने साथ एक महिला हेड कांस्टेबल तथा एक महिला कांस्टेबल को साथ लेकर आरोपी और अपहर्ता की बरामदी के लिये रवानगी कराई गई थी। अपहर्ता और आरोपी को बरामद करने के उपरांत पुलिस कार्यवाही में लापरवाही बरतते हुए सुनील कुमार अपहर्ता और आरोपी को अपने आवास पर ले गए जहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में आरोपी की मृत्यु हो गई। वहाँ की स्थानीय पुलिस पोस्टमार्टम करा रही है तथा इस पूरे मामले पर उनसे समन्वय बना हुआ है। इस गंभीर मामले में उप निरीक्षक सुनील कुमार की लापरवाही बरतने को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक( पूर्वी ) को जांच सौंपी गई है जिसमें बारीकी से जांच कर जल्द से जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है

प्राप्त समाचार के अनुसार दीपक पुत्र अरविंद गत 12 अक्टूबर को गल्ला खेड़ी निवासी एक युवती को अपने साथ ले भगा ले गया था। जिसके बाद 13 अक्टूबर को थाना स्योहारा में उक्त मामले में संबधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर फरार जोड़े की तलाश शुरू कर दी थी।

बताया जा रहा है कि की सूचना मिलने पर उपनिरिक्षक सुनील कुमार और एक हेड महिलाकांस्टेबल तथा एक महिला कांस्टेबल लड़के और लड़की को बरामद करने के लिए रवाना हो गये थे। पुलिस टीम ने लड़के और लड़की को बरामद कर लिया। लेकिन लड़के व लड़की को यहां थाने लाने के बजाय उपनिरिक्षक सुनील कुमार शामली स्थित अपने आवास पर ले गए बताया जा रहा है की संदिग्ध परिस्थियो में आरोपी लड़के की उपनिरिक्षक सुनील कुमार के निवास पर मौत हो गई है जिसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया और मृतक के परिवार मे भी कोहराम मच गया।

# पोषाहार वितरण में लापरवाही क्षम्य नहीं: जिलाधिकारी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुपोषण को दूर करने और ग्रामीण विकास के लिए महिला समूहों की शक्ति को उजागर करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन एवं एकीकृत बाल विकास सेवा द्वारा संचालित घर ले जाने के लिए राशन (टीएचआर) के वितरण और गुणवत्ता की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीएचआर वितरण में कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी।



सोमवार को डीएम ने शिविर कार्यालय में टेक होम राशन (टीएचआर) के वितरण, आपूर्ति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एक स्थान पर गुणवत्ता खराब होने की उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है। सम्बंधित अधिकारी आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर गुणवत्ता को चेक करें और शत प्रतिशत वितरण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने चने की दाल, सोयाबीन तेल तथा दलिया की आपूर्ति के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी ली तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। टेक होम राशन (टीएचआर) योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों से गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के साथ-साथ ०6 माह से ०3 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक भोजन एवं खाद्य सामग्री दी जाती है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, जिला समन्वयक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बृजेन्द्र शुक्ल, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार, आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक मु० अवैस सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने मृतक के आवास पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**बदायूं।** तहसील दातागंज में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात सचिन शर्मा का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव सहित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ० वैभव शर्मा एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारियों तथा कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों ने अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में दो मिनट का मौन धारण किया। प्रार्थना की कि परम पिता परमात्मा मृतात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। तत्पश्चात डीएम सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मृतक के आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बड़े पीर साहब पर चादर पेशी करने अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी पहुंचे

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**सहसवान।** नगर के मोहल्ला पट्टी यकीन स्थित बारगाह ए मसारिफ ग्यारहवीं शरीफ व इमदाद खानदान वाकिफ व बराह ए मसारिफनियाज हजरत गौस पाक र.अ.रोशनी बड़े पीर साहब खलीफा गौसे आजम मोहल्ला पट्टी यकीन दरगाह के सज्जादा नशीन फैज अली खान ने बताया 852 व उर्स के मौके पर भाजपा अल्पसंखयक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने शिरकत की जिसके बाद दरगाह पर पहुंचकर चादर पेश कर फातिहा ख्वानी भी पढ़ी गई जिसके बाद से मुल्क में अमन शांति की दुआएं मांगी। इस मौके पर एहतेशाम उल हुदा, दरगाह गद्दी नशीन फैज अली खान, काशिफअली खान, फराज खान, अनवर खान, शानू खान, अन्नान अहमद, शरीफ उद्दीन, कसीम सरवर, समीर, बाबर चौधरी, हसनैन, सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे।



## महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सीओ ने किया जागरूक

**उघैती।** क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में पुलिस क्षेत्राधिकारी बिल्सी उमेश चन्द व उघैती थाना अध्यक्ष राजेश कौशिक ने मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान के लिए जागरूक किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि सर्किल सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया।




महिला पुलिस इंस्पेक्टर ईशा तोमर ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, आयुष्मान योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में बताया गया। पुलिस कांस्टेबिल रोली चौधरी ने पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1०9०, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 सीएम हेल्प लाइन 1०76, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-1०2, एम्बुलेंस सेवा-1०8, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 193० आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ नरेश चन्द, शहादत बख्श, अनुमोल शर्मा, विपलव भारती, नीरज चौहान, रामौतार मौर्य आदि उपस्थित रहेसंचालन कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार शर्मा ने किया।

## सार-संक्षेप

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मंदिरों में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**बदायूं।** जनपद में 17 अक्टूबर गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि मंदिरों में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामायण पाठ, भजन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को उक्त कार्यक्रम आयोजन हेतु सम्पूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के महर्षि वाल्मीकि मंदिरों का पूरा पता, फोटो, जीपीएस लोकेशन, मंदिर प्रबंधक का नाम व मोबाइल नम्बर आदि अतिशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए।

### घटपुरी में महिला सुरक्षा पर गोष्ठी का आयोजन



**बदायूं।** मिशन शक्ति फेज 5 के अन्तर्गत ब्लॉक प्रमुख सलारपुर की अध्यक्षता में राजकीय इन्टर कॉलेज, घटपुरी में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा बालिका सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

रवि कुमार संरक्षण अधिकारी द्वारा 1०98 की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया गया कि अगर किसी बच्चों को कोई भी समस्या है तो वह 1०98 पर कॉल कर के अपनी समस्या का समाधान करा सकता है। महिला कल्याण विभाग उप्र. सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेशन योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पति की मृत्युपरान्त पुर्नविवाह दम्पति पुरस्कारए दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता दहेज के कारण परित्यक्त महिलाओं को आर्थिक सहायता पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला की पुत्री की शादी हेतु अनुदान उप्र. रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष स्पॉन्सरशिप आदि योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ ही साथ बाल श्रम की विस्तृत जानकारी दी गयी जिसमें संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि मन्दिर मस्जिद रलवे स्टेशन बस स्टेशन ढावा दुकानो एवं कारखानों में बाल श्रम भिक्षवृति कर रहे 14 वर्ष से कम बालको बालिकाओं के रैस्क्यू एवं उनके पुनर्वासन आदि हेतु समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम बाल संरक्षण समिति के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत बाल श्रम करा रहे लोगो के विरूद्ध बच्चो आदि के बीच में चर्चा कर यह बताया गया। कैम्प में आये हुये महिलाओं बच्चों ने बड़ी ही उत्सुकता पूर्वक उपरोक्त योजनाओं एवं अधिनियमों की जानकारी दी गयी। मिशन वात्सल्य के तहत ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा बाल संरक्षण सेवाएं के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश का निर्माण उचित पालन पोषण बच्चों को हिंसा व दुर्व्यवहार से बचाने बाल विवाह रोकथाम परित्यक्त नवजात शिशु के मिलने पर तत्काल थाने पर सूचित करने तथा स्पॉन्सरशिप कार्यक्रम के तहत पात्र परिवारों को चिन्हित करने पर चर्चा की गई समिति के अध्यक्ष महोदय द्वारा ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों को सक्रिय करने हेतु निर्देशित किया गया है तथा ब्लॉक स्तरीय अगली त्रैमासिक बैठक में सुरक्षा एवं संरक्षण की आवश्यकता की श्रेणी में आने वाले बच्चों को चिन्हित कर कार्यवृति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वन स्टॉप सेंटर चाइल्ड लाइन मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड व सामान्य तथा स्पॉन्शरशिप पर चर्चा की गई। इस अवसर पर ब्लॉक सलारपुर के ब्लॉक खंड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी राधा यादव एडीओ पंचायत, जिला संरक्षण अधिकारी रवि कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड चिकित्साधिकारी अल्पा गुप्ता, दुर्वेश कुमार केस वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन बदायूँ तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकपूर वर्मा सहित विद्यालय का समस्त व सलारपुर की समस्त आगनवाड़ी उपस्थित रही।

# मौसम की पूर्व जानकारी हेतु डाउनलोड करें सचेत एप

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त पत्र के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा संचालित सचेत एप ज्यादा से ज्यादा मोबाइल पर डाउनलोड कर दूसरों को भी इसकी जानकारी दें। यह सचेत मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन, भारत सरकार द्वारा संचालित सचेत मोबाइल एप का मौसम की पूर्व जानकारी हेतु आम जनमानस को सचेत मोबाइल एप का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे आपदा से होने वाली घटनाओं को कम किया जा सके और जन धन की हानि को रोका जा सके।

उन्होंने बताया कि सचेत मोबाइल एप के माध्यम से अपने स्थानीय मौसम, तापमान, वर्षा, वज्रपात का अलर्ट तथा विभिन्न प्रकार की आपदाओं में क्या करें और क्या न करे आदि के बारे में पता लगाया जा सकता है। यह संचेत मोबाइल एप आपदाओं से बचने में बहुत उपयोगी सिद्ध होगा।

उन्होंने समस्त जनपद स्तरीय/तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम की पूर्व जानकारी हेतु राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन द्वारा संचालित सचेत मोबाइल एप को सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने मोबाइल में अवश्य डाउनलोड करें। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने-अपने अधिनस्थ स्कूल/कॉलेजों के सभी अध्यापकों एवं विद्यार्थियों तथा उनके माध्यम से परिवार के अन्य सदस्यों के मोबाइल में सचेत एप डाउनलोड कराने हेतु प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत राज अधिकारी समस्त ग्राम प्रधानों के माध्यम से प्रचार किया जाये।

# अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में पहुंचे एसडीएम सदर मोहित सिंह

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**ककराला।** कस्बा की जन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ककराला में कांग्रेस का अनिश्चित कालीन धरना आज आठवे दिन भी जारी रहा।



एसडीएम सदर मोहित सिंह ककराला पहुंचे और अजीत सिंह यादव ने अपना मांग पत्र एसडीएम मोहित सिंह को सौंपा। अजीत सिंह यादव की मांगें हैं कि अलापुर रोड, मोहम्मद गंज रोड, सरकारी हॉस्पिटल और आधार सेंटर आदि व्यवस्था में सुधार किया जाये। एसडीएम मोहित सिंह ने आश्वासन दिया कि आपकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करेंगे और सरकार व जिले के आला अधिकारियों से बात करेंगे।

कांग्रेस प्रदेश सचिव अजीत सिंह यादव ने कहा कि जब तक ककराला की जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाएगा तब तक धरना जारी रहेगा। धरने के द्वारा संक्रामक बीमारियों के इलाज को ककराला के हर बार्ड और आस पास के हर गांव में मेडिकल शिविर लगाने, फ्री जांच करने, अस्पताल में इमरजेंसी चिकित्सा व्यवस्था, एक्स रे समेत जांचें और डॉक्टरों की नियुक्ति, ककराला से मोहम्मद गंज, ककराला से अलापुर को जाने वाली खस्ताहाल सड़कों को सही किया जाये व आधार सेंटर कि सुबिधा भी नगर को प्राप्त कराई जाये। अजीत सिंह यादव ने कहा कि मैं आपकी घोषणा पत्र में उल्लिखित मांगों की पूर्ति के लिए प्रतीक्षा कर रहा हूं। इन मांगों की पूर्ति 2 दिन, 4 दिन या 1० दिन में होगी? मैं तब तक धरने पर बैठा रहूंगा। कृपया मेरी मांगों को पूरा करने की घोषणा करें।

# भाकियू ने जवाहरपुरी पुलिस चौकी का किया घेराव

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन असली ने जवाहरपुरी पुलिस चौकी का घेराव किया अध्यक्षता युवा जिला अध्यक्ष ऋषभ चौधरी ने की और धीरेंद्र पाल सिंह जिला उपाध्यक्ष ने संचालन किया जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने हिटलर शाही रवैया अपनाया है आंख बंद करके निर्दोष लोगों के ऊपर झूठे मुकदमे लगाकर पुलिस उन्हें जेल भिजवा देता है और एवज मे मोटी रकम ली जाती है सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम आमगांव के प्रदेश सचिव भारतीय किसान यूनियन असली के रविंद्र सिंह पटेल और उनके भाई ओंकार सिंह और दुष्यंत सिंह के खिलाफ फर्जी तरीके से 129 जी का मुकदमा सिविल लाइन पुलिस ने कायम कर दिया जो



गलत है 129 जी का मुकदमा लगाने से उनके मान सम्मान में ठेस पहुंचाई गई है इसी तरह से पुलिस पैसा लेकर दोषी व्यक्ति को छोड़ दिया जाता है और निर्दोष व्यक्ति को फ्सा दिया जाता है न्याय नहीं मिल पा रहा है जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने कहा जिला की सुरक्षा व्यवस्था बिगड़ती जा रही है किसानों के ट्यूबवेल से सामान चोरी कर रहे हैं जबकि पुलिस की गाड़ी रात भर घूमती है पुलिस प्रशासन की वजह से जिले में डबल डेकर बसे एक राज्य से दूसरे राज्य को अवैध सामान दारू, अफीम, डोडा लेकर पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे से चल रही है पुलिस के संज्ञान में शहर में जुआ चल रहे हैं केवल आर्थिक साथ गांठ करके जिले के अंदर पुलिस प्रशासन निर्दोष व्यक्तियों को सजा दिलाता है और जो दोषी है वह जुर्म करके सीना खोलकर घूम रहा है ऐसा करती है हमारे उत्तर प्रदेश पुलिस अधिकारी इन्हें आला अधिकारियों का भी डर नहीं है तो भगवान से भी नहीं डर रहे हैं एंटी करप्शन के सीईओ साहब एवं प्रभारी भ्रष्ट पुलिस वालों के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज रहे हैं।

# विजय नगला धाम पर हो रहे हैं नित्य नए चमत्कार

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**आंवला।** तहसील आंवला के ग्राम विजय नगला धाम पर काफी समय से भक्तों का आना जारी है यहां पर परेशान भक्ति आते हैं और बाबा गुरु गोरखनाथ की कृपा से उनका दुख दूर होता है बताते चले यहां पर श्री मायागीर बाबा ने जिंदा समाधि लेकर अपना नाम रोशन किया था इस परंपरा को निभाते हुए यहां के सेवादार संदेश गिरी द्वारा भक्तों को दुख दूर करने का आशीर्वाद दिया जाता है।





यहां पर भूत प्रेत एवं किसी भी समस्या को लेकर भक्त आते हैं और बाबा के दरबार में अर्जी लगाते हैं बाबा उनकी अर्जी सुनकर भक्तों पर आशीर्वाद बनाते हैं, यहां पर भक्तों द्वारा माता काली गुरु रविदास गुरु गोरखनाथ जाहरवीर बाबा के साथ-साथ मां गंगा एवं भोलेनाथ की मूर्ति भक्तों द्वारा लगवाई गई है जिन भक्तों का भला होता है वह अपने मन से बाबा के दरबार में अपनी इच्छा अनुसार दान करते हैं, इसके साथ ही यहां पर एक नव निर्माण मंदिर का कार्य चल रहा है कुछ दिन पहले यहां पर एक ऐसा चमत्कार हुआ था की बाबा के दरबार में एक भक्त काफी समय से परेशान था और उसे सपने में गुरु गोरखनाथ बाबा दिखाई देते थे और उन्होंने बताया वहां जाकर जमीन में काफी समय से दबी हुई गुरु गोरखनाथ बाबा शिव अवतार की मूर्ति मौजूद है उसे आप बाहर निकाल कर उसकी पूजा होने लगेगी आपका बिगड़ा काम बन जाएगा गाजियाबाद से पूछते पूछते भक्ति आया और दरबार में आकर उसने अपनी बात भक्तों के सामने रखी एवं जिस स्थान पर उसे सपने में मूर्ति को बताया गया था। इस स्थान पर खोज कर मूर्ति को निकाला गया उसी दिन से उसे मूर्ति की पूजा होने लगी एवं भक्ति की परेशानी दूर हो गई सनातन धर्म के अनुसार जो भक्त भगवान में आस्था रखता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है यहां पर प्रत्येक इतवार एवं सोमवार को सेवा कर संदेश गिरी द्वारा भक्तों की परेशानियों को दूर किया जाता है यहां पर भक्त अपनी मर्जी से एक फूल लेकर आ जाए और बाबा के दरबार में अर्जी लगाकर अपनी मनोकामना मांगे बाबा उसकी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

# श्री अग्रसेन महाराज क्रिकेट कप 2०24 का आयोजन

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में श्री अग्रसेन महाराज क्रिकेट कप 2०24 का आयोजन किया गया। जिसमें 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में नितिन अग्रवाल की टीम ने निशांत गोयल की टीम को अत्यंत रोचक मुकाबले में एक विकेट से हरा दिया।



अग्रवाल धर्मशाला में दूधिया रोशनी में अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं अग्रवंशिका जाग्रति सभा की अध्यक्षा सीमा अग्रवाल ने सयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत्त शुभारंभ किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान के साथ टूर्नामेंट शुरू हुआ। जहां एक ओर नितिन, विशाल, केशव, अनंत और शोभित की टीम ने वैभव अग्रवाल और दिव्यांशु अग्रवाल की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरी ओर निशांत, अग्रिम, शिवांग, हर्ष, सनी की टीम ने श्याम अग्रवाल और नितिन अग्रवाल की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर निशांत की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी करने वाले अग्रिम मित्तल के जल्दी आउट हो जाने से टीम दवाब में बिखर गई और मात्र 5 रन बनाकर आउट हो गई। एक समय लगा कि ये मुकाबला नितिन की टीम आसानी से जीत लेगी लेकिन टूर्नामेंट में धारदार गेंदबाजी करने वाले शिवांग और सनी की जोड़ी ने विपक्षी टीम के 3 विकेट गिराकर मैच में सनसनी बनाते हुए 5 ओवर में मात्र 3 रन दिए। मैन ऑफद सीरीज केशव अग्रवाल एक बार फिर अपनी टीम के लिए संकटमोचक साबित हुए।

## संपादकीय

### भारत के विनिर्माण क्षेत्र की चुनौतियां



विनिर्माण क्षेत्र में, खासतौर पर श्रम आधारित विनिर्माण में भारत का निरंतर कमजोर प्रदर्शन देश की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा मुद्दा है। यह कोई पहेली भी नहीं है बल्कि इस बात को कई तरह से समझा जा सकता है और इसकी कई संभावित वजहें और स्पष्टीकरण हैं। व्यापार नीति में निरंतरता का अभाव, खराब लैंगिक संबंध और दिक्कतदेह कानून व्यवस्था और निष्प्रभावी शैक्षणिक और कौशल व्यवस्था आदि सभी की इसमें भूमिका है। परंतु लंबे समय से माना जाता है कि इसकी वजह अत्यधिक नियमन है। खासतौर पर श्रम और रोजगार के क्षेत्र में अति नियमन। बीते कम से कम दो दशक से देश में कंपनियों के आकार पर नियमन के असर को समझा जाता रहा है। श्रम नियमन के कारण प्रति इकाई श्रम की लागत एक तिहाई से अधिक बढ़ जाती है और अत्यधिक नियमन से बचने के लिए एक खास सीमा से नीचे के आकार में बने रहने की संभावना अधिक रहती है। यही वजह है कि फैक्टरियों के वितरण में असमानता आई है।

उद्योगों का सालाना सर्वे वर्षों से इसका उदाहरण बनता रहा है। सर्वे के मुताबिक सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रम देश की कुल फैक्टरियों में 96 फीसदी के हिस्सेदार हैं और 10 से कम कर्मचारियों वाले सूक्ष्म उपक्रमों की हिस्सेदारी इनमें 99 फीसदी है। 2,000 से अधिक कर्मचारियों वाली फैक्टरियों की संख्या इसमें बहुत कम है।

अर्थशास्त्री अरविंद सुब्रमण्यन एवं अन्य का विश्लेषण दिखाता है कि समस्या उद्योगों के सालाना सर्वे के आंकड़ों से कहीं अधिक बुरी है। एएसआई ने बड़ी फैक्टरियों की संख्या को बढ़ाचढ़ाकर पेश किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि कई कंपनियां एक ही राज्य में अलग-अलग उत्पादन इकाइयां तैयार करती हैं। इससे न केवल एक ही कंपनी के स्वामित्व वाली कंपनियों की फैक्टरियां अलग-अलग होती हैं लेकिन सर्वेक्षण में इन्हें एक फैक्टरी के रूप में दर्शाया जा सकता है जिससे डेटा में गड़बड़ी होती है।

लेखकों के मुताबिक इन विविध संयंत्रों की मौजूदगी देश के विनिर्माण संयंत्रों वास्तविक आकार से बड़ा आकार प्रदान करती है। बड़े संयंत्र कई वजहों से उत्पादक साबित होते हैं। लेखकों का अनुमान है कि विविध संयंत्रों की उत्पादकता एकल संयंत्र से करीब पांच फीसदी कम होती है। अधिकांश श्रम आधारित क्षेत्रों में मौजूद कम मार्जिन को देखते हुए उत्पादकता में पांच फीसदी का अंतर बहुत अधिक साबित हो सकता है।

छोटे संयंत्रों के साथ और दिक्कतें हैं जिनकी विस्तार से जांच परख करने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए बड़े संयंत्र वैश्विक फैशन ब्रांडों से जुड़े बड़े ऑर्डर ले सकते हैं। बड़े संयंत्र में पूंजी निवेश अधिक उत्पादक साबित हो सकता है और वे मूल्य श्रृंखला में तेजी से ऊपर जा सकते हैं। कंपनियों का बहु-ब्रांड बनाने का चयन नियामकीय और राजनीतिक जोखिमों से जुड़ा हुआ है जो उन्हें छोटे आकार में बनाए रखते हैं। छोटे संयंत्र कठिन श्रम कानून व्यवस्थाओं से जूझ रही कंपनियों को अधिक लचीलापन मुहैया कराती हैं। अन्य सामान्य राजनैतिक जोखिमों मसलन दुर्भावना की वजह से होने वाली मुकदमेबाजी आदि से भी एक से अधिक संयंत्र स्थापित करके बचा जा सका है। ऐसे में एक से अधिक संयंत्रों की मौजूदगी को ऐसी सरकार के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए जो बड़े पैमाने पर काम करने के प्रयासों को दंडित करती है। परंतु बिना बड़े पैमाने पर काम किए भारत की विनिर्माण रोजगार तैयार करने की कोशिशों का नाकाम होना तय है। लंबे समय से यह समझा जाता रहा है कि भारत में छोटे पैमाने पर काम को लेकर पूर्वग्रह विनिर्माण की वृद्धि के लिए समस्या बनी है। अब यह पता चल चुका है कि यह समस्या पहले लगाए गए अनुमान से कहीं अधिक बड़ी है। उदाहरण के लिए भारत के प्रतिस्पर्धी देशों बांग्लादेश और वियतनाम में श्रम गहन उद्योगों में बड़े आकार के संयंत्र अधिक हैं। नियमन कम करने और राजनैतिक जोखिम में कमी लंबे समय से नीतिगत एजेंडे में रहे हैं। परंतु अब तक इस दिशा में पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए हैं। सही मायनों में प्रभावी राष्ट्रीय और लचीले श्रम कानूनों के साथ शुरुआत करते हुए सरकार को नियमन खत्म करने की दिशा में काम करना चाहिए।


**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**

**पिन कोड-243601**

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*


## एनसीआर में इस त्योहार पर धीमी रहेगी मकान बिक्री की रफ्तार



आमतौर पर नवरात्रि से शुरू होने वाले और दीवाली के बाद तक चलने वाले त्योहारों पर मकानों की बिक्री खूब परवान चढ़ती है। साल की अंतिम तिमाही इसीलिए रियल एस्टेट उद्योग के लिए बड़ी महत्त्वपूर्ण होती है। लेकिन इस साल त्योहारी तिमाही में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मकानों की बिक्री धीमी रह सकती है।

मकानों की बिक्री कम रहने का खटका नोएडा और ग्रेटर नोएडा जैसे बड़े बाजारों में बिना बिके मकानों की तादाद कम होने के कारण है। इस बार त्योहारों से पहले बड़ी संख्या में मकान बिक भी चुके हैं। इसीलिए बिल्डर भी मांग होने के कारण पहले जैसे ऑफर नहीं दे रहे हैं। माना जा रहा है कि पहली बार मकान खरीदने पहुंच रहे लोग ऑफरों की कमी से भी बिदक सकते हैं।

दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख रियल्टी समूह गौड़ समूह के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक और क्रेडाई के चेयरमैन मनोज गौड़ ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि हर साल की तरह इस साल भी त्योहारों पर मकानों की मांग खूब है। एनसीआर के रियल एस्टेट बाजार में नोएडा व ग्रेटर नोएडा बड़ा केंद्र है। इस साल भी इस बाजार में मकानों की मांग तो खूब है। लेकिन बिना बिके मकान कम बचे हैं। पिछले एक-डेढ़ साल से बहुत मकान बिक रहे हैं मगर सरकार ने बिल्डरों को आवासीय परियोजनाओं के लिए पर्याप्त जमीन नहीं दी है। इसलिए बिल्डरों के पास कम मकान बचे हैं। लिहाजा इस साल त्योहारी तिमाही में मकानों की बिक्री में बीते वर्षों की तुलना में कम वृद्धि होनी संभावना है। ग्रेटर नोएडा में तो बिक्री घट भी सकती है।

नाइट फ्रैंक इंडिया में कार्यकारी निदेशक मुदस्सिर जैदी कहते हैं कि बीते दो साल से निवेशक रियल एस्टेट में अंधाधुंध निवेश कर रहे थे। लेकिन अब इसमें कमी आ सकती है। दिल्ली-एनसीआर में त्योहारों वाली तिमाही में मकानों की बिक्री या तो पिछले साल के बराबर रह सकती है या 5 फीसदी बढ़ सकती है।

मगर तीसरी तिमाही सुस्ती के संकेत दे रही है। नाइट फ्रैंक इंडिया की हाल में जारी रिपोर्ट के मुताबिक तीसरी तिमाही में एनसीआर में मकानों की बिक्री पिछले साल की तीसरी तिमाही के मुकाबले 7 फीसदी घटी थी और देश के प्रमुख 8 शहरों में यह करीब 5 फीसदी बढ़ी। जैदी कहते हैं एनसीआर में बिक्री में सुस्ती की वजह मांग कम होना नहीं है, बल्कि आपूर्ति कम रहना है। तीसरी तिमाही में एनसीआर के बाजार में नई परियोजनाएं 2023 की तीसरी तिमाही के मुकाबले 19 फीसदी कम रहीं। एनारॉक समूह के उपाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि नोएडा-ग्रेटर में बिल्डरों को उनकी जरूरत के हिसाब से जमीन कम मिली है। जिसका विपरीत असर त्योहारी सीजन में मकानों की बिक्री पर पड़ सकता है। लेकिन सोनीपत, कुंडली, पानीपत और फरीदाबाद में जमीन मिली हैं, जिससे चौथी तिमाही के दौरान एनसीआर में मकानों की कुल बिक्री में वृद्धि एक अंक में रह सकती है। आम तौर पर त्योहारों पर मकानों की बिक्री में वृद्धि दर दहाई अंक में रहती है। नाइट फ्रैंक इंडिया के मुताबिक पिछले साल चौथी तिमाही में एनसीआर में करीब 15,900 मकान बिके थे। उस तिमाही में देश के 8 प्रमुख शहरों में 89,845 मकान बिके थे। इस साल तीसरी तिमाही में सालाना 5 फीसदी वृद्धि के साथ 87,108 मकान बिके मगर एनसीआर में बिक्री 7 फीसदी घटकर 12,976 रह गई। बिल्डरों की मानें तो इस साल त्योहारी सीजन में महंगे मकान ज्यादा बिक सकते हैं। जैदी ने कहा कि गुरुग्राम और इसके नजदीकी इलाकों में ज्यादा मकान उपलब्ध हैं, इसलिए वहां बिक्री बढ़ सकती है। चूंकि वहां मकानों की कीमत 1 करोड़ रुपये ज्यादा है, इसलिए त्योहारों पर कुल बिक्री में महंगे मकानों की हिस्सेदारी ज्यादा रहने वाली है।

पिछले कुछ सालों में बिक्री में इन मकानों की हिस्सेदारी बढ़कर 40 फीसदी से ज्यादा हो चुकी है। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक तीसरी तिमाही में कुल बिके 87,108 मकानों में से 40,328 मकान 1 करोड़ रुपये या इससे अधिक कीमत के थे और इनमें सबसे अधिक 11,065 मकान एनसीआर में बिके थे। गौड़ कहते हैं कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा में भी ज्यादातर मकानों की कीमत 70 लाख से एक करोड़ रुपये के बीच पहुंच गई है। 1 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले मकानों की मांग अधिक है। बिल्डर पहले त्योहारों पर मकानों की बिक्री बढ़ाने के लिए खूब ऑफर देते थे, लेकिन अब इसमें कमी आई है। मनोज गौड़ कहते हैं कि ऑफर मांग बढ़ाने के लिए दिए जाते हैं। लेकिन अब मांग अपने आप ही बढ़ रही है तो इनकी जरूरत भी नहीं है।

## सोमालिया के वेंडर से आ रहा था पैसा



एक महीने के दौरान साइबर अपराध की दो घटनाओं में भारत की पहली वैश्विक आउटरीच संस्था इंटरनैशनल सोलर अलायंस (आईएसए) को 3 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जिसमें संस्था के सोमालिया के वेंडर से आने वाला पैसा साइबर ठगों ने अपने खाते में डलवा लिया। आईएसए ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही घटना में संलिप्तता के शक में अपने एक कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

बीते सितंबर में हुई इस घटना के बारे में आईएसए ने केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी को जानकारी दे दी है। जोशी इस संस्था के अध्यक्ष भी हैं। आईएसए के महानिदेशक अजय माथुर द्वारा केंद्रीय मंत्री को लिखे गए पत्र में कहा गया है, 'साइबर अपराधियों ने हमारे अंतरराष्ट्रीय वेंडर की बैंक से संबंधित जानकारी को बदल दिया और भुगतान के लिए हमें चालान भेज दिया। यह भुगतान हमारे वेंडर को किया जाना था। भुगतान के तौर पर फर्जी खातों में रकम भेजने के लिए हैकर ने असली ईमेल आईडी की जगह फर्जी ईमेल आईडी से अनुरोध पत्र और चालान भेज दिया।

संस्था ने कहा कि यह रकम सोमालिया के उस वेंडर को दी जानी थी जो सोमालिया में आईएसए की आउटरीच और बुनियादी ढांचा गतिविधियों में शामिल है। पत्र में कहा गया है, 'हमने 357,783 डॉलर का भुगतान किया था, लेकिन ईमेल के जरिए की गई ठगी के कारण इस पैसे को लेकर वेंडर या बैंक के साथ विवाद की संभावना बढ़ गई है। आईएसए द्वारा मंत्री को भेजे गए पत्र की कॉपी बिजनेस स्टैंडर्ड के पास है। खबर लिखे जाने तक आईएसए को लिखे ईमेल और माथुर को भेजे गए मैसेज का जवाब नहीं मिला था। पिछले महीने इस संस्था के साथ दो बार साइबर ठगी की घटना हुई है। इससे पहली घटना आईएसए के जर्मन वेंडर के साथ घटी थी।

आईएसए ने अपने पत्र में बताया है कि पहली बार ठगी का पता उसे 19 सितंबर को चला जबकि दूसरी घटना उसी महीने की 23 तारीख को सामने आई जब उसके सोमालियाई वेंडर हेले बेराइज एनर्जी सोल्यूशंस ने सूचना दी कि उन्हें किए गए भुगतान का पैसा उन तक नहीं पहुंचा है। पत्र में कहा गया है। जांच में पता चला कि संस्था द्वारा किए गए भुगतान का पैसा फर्जी ईमेल के जरिए दिए गए बैंक अकाउंट में दुबई ट्रांसफर हो गया है।' पत्र में यह भी बताया गया है कि इस दौरान जर्मनी के उनके वेंडर रेनाक एजी को किया गया भुगतान भी फर्जी ईमेल के जरिए दिए गए बैंक खाते में चला गया है। आईएसए ने अपने पत्र में बताया है कि संस्था ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और इस घटना में संलिप्तता के शक में अपने एक कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

## खेल-खिलाड़ी

## भारत से डरे स्टीव स्मिथ! टेस्ट सीरीज में

नगर में धूमधाम से निकली भरत मिलाप की शोभायात्रा

अमर भास्कर ब्यूरो

सम्भल। श्री रामलीला कमेटी सम्भल के तत्वाधान में भरत मिलाप की शोभायात्रा आस्था व उत्साह के साथ धूमधाम से निकाली गई। जिसमें वनवास पूर्ण कर अयोध्या वापस आने पर भगवान राम और भ्राता भरत के मिलाप का दर्शन कर भक्तों के आंखों से खुशी की अश्रु धारा फूट पडी। प्रभु की जयद्योष से समस्त वातावरण गुंजयामन हो उठा और चारों दिशाओं से पुष्प वर्षा होने लगी। भगवान गणेश और राम दरबार का विधिणवत पूजन कर नखासा में मुरारीलाल की फड से भरत मिलाप की शोभायात्रा का शुभारम्भ किणया गया। इसके साथ ही शोभायात्रा नखासा चौराहा से मौहल्ला ठेर, सर्राफ बाजार, घंटाघर चौराहा, टंडन तिराहा से कोतवाली मार्ग होते हुए पुरानी तहसील के निकट भरत मिलाप स्थल पर पहुंची। जबकि दूसरी तरफ भरत के साथ अयोध्यावासी यात्रा करते हुए यहां पहुंचे। इसके बाद भगवान राम का उनके अनुज भरत से मिलाप हुआ। राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुधन एक-दूसरे से भावपूर्ण अंदाज में गले मिले। प्रभु राम और भरत का मिलन देखकर श्रद्धालुओं की आंखें भी नम हो गई और उनकी आंखों से




खुशिऔयों के आंसू की धारायें प्रवाहित होने लगी। राम-भरत मिलाप होते ही चारों दिशा से पुष्पों की वर्षा होने लगी व प्रभु के जयद्योष से समस्त वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा में भगवान गणेश, श्री कृष्ण, गंगा मैया, श्री राम दरबार की भव्य झांकियां के साथ कई अखाड़ा सभी के आकर्षण व आस्था केन्द्र रहां। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिर से भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे।

## पतझड़ में मधुमास

सुधि मेरी छूने लगी तुम्हे
लो पतझड़ में मधुमास मिला।
तुमसे दो आखर मिले मधुर
दु:खमय जीवन को हास मिला
जैसे अंधे को मिले ज्योतिजैसे
वाणी को मिले छंद,
बदली में धूप छलक जाए ज्यों
धुले दिशा का रंध-रंध।
यह मन का इन्द्रधनुष सहसा
पा एक नया आकाश मिला
सुधि मेरी छूने लगी तुम्हे
लो पतझड़ में मधुमास मिला

संदर्भ मिला सुबहों को तो शामों
को सहसा
अर्थ मिला।
इन दिनों सोचती नही प्राण
मुझको तो जीवन व्यर्थ मिला
पलकों पर तेरे आने का जबसे
कोई आभास मिला
सुधि मेरी छूने लगी तुम्हें
लो पतझड़ में मधुमास मिला



**लेखक/कवियत्री**
**प्रतिमा पाठक, दिल्ली।**

## 90 में बैटिंग करते वक्त रिस्क क्यों लेना?

**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम टी20 मैच में शतक लगाया। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक रहा। इसकी बदौलत भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय का अपना सबसे बड़ा स्कोर (297/6) खड़ा किया। सैमसन ने 47 गेंद में 111 रन की पारी खेली। उन्होंने पूरी पारी के दौरान कभी भी अपने स्ट्राइक रेट को कम करने की कोशिश नहीं की और लगातार रिस्क लेकर शॉट लगाते रहे। मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार ने उनसे पूछा कि 90 रन बना लेने के बाद रिस्क लेने का क्या मतलब है। इस पर सैमसन ने कुछ ऐसा जवाब दिया, जिसे सुनकर कप्तान हैरान रह गए।

मैच के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में सैमसन और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ एक मजेदार बातचीत करते हुए दिखे। इस दौरान सैमसन से मैच के दौरान उनके एप्रोच पर सवाल किए। उन्होंने कहा, बहुत खुश हूं। शब्दों में इसे बयां करना मुश्किल है। बहुत भावनात्मक क्षण है। भगवान का बहुत आभारी हूं कि यह हुआ है। हर किसी का अपना समय होता है। सैमसन ने स्वीकार किया कि शतक का इंतजार लंबा



और चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उन्हें खुद पर भरोसा था कि वह जरूर शतक लगाएंगे। सैमसन ने नॉन-स्ट्राइकर छोर पर मौजूद सूर्यकुमार के साथ बातचीत के दौरान कहा, मैं सिर्फ अपना काम करता रहा, खुद पर विश्वास करता रहा और खुश हूं कि आप उस शतक का जश्न मनाने के लिए मेरे साथ थे। इस पर सूर्यकुमार ने कहा, मैंने दूसरे छोर से इसका लुत्फ उठाया। ये मेरे जीवन के अब तक के सर्वश्रेष्ठ शतकों में से एक था। भारतीय कप्तान ने 90 रन बनाने के बाद सैमसन के तेजी से रन बनाने के पीछे के एप्रोच के बारे में पूछा। सूर्यकुमार ने सैमसन से पूछा, श्आप 96 या 97 पर थे और तब भी बड़े शॉट की कोशिश कर रहे थे। उस जोखिम को लेते हुए-आपके दिमाग में क्या चल रहा था। हुए कहा, टीम का माहौल जो हमने इन हफ्तों में बनाया है।

हमें मैसेज यह मिला है कि जाओ आक्रामक खेल दिखाओ। ये दो शब्द हैं जो हमारे कप्तान और कोच हमें याद दिलाते रहते हैं। यह मेरे स्वभाव, मेरे चरित्र के अनुरूप है, इसलिए मैंने बस शॉट लगाना जारी रखा। सैमसन ने यहां तक खुलासा किया कि जब वह 96 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे तो उन्हें सूर्यकुमार ने आराम से खेलने की सलाह दी थी, लेकिन उन्होंने शॉट लगाना जारी रखा। सैमसन ने कहा, श्जब मैं 96 रन पर बैटिंग कर रहा था तो मैंने सूर्यकुमार से कहा कि मैं स्मैश करूंगा, लेकिन उन्होंने मुझे आराम से खेलने के लिए कहा क्योंकि वह चाहते थे मैं शतक लगाऊं। लेकिन कप्तान और गौतम भाई से मुझे जिस तरह की स्पष्टता मिली है या समर्थन मिला, उससे मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि आक्रामक होकर खेलो और विनम्र रहो और यह मेरे अनुकूल है।

# प्रदेश में जमीनों की कीमत बढ़ने से हजारों विद्यालयों की भूमि पर माफिया की नजर



**देहरादून।** उत्तराखंड में जमीनों की कीमत बढ़ने से न सिर्फनदी, नालों बल्कि हजारों विद्यालयों की भूमि पर भी माफिया की नजर है। विद्यालयों में अतिक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। राज्य में 4891 विद्यालयों को भूमि दान में मिली थी जो अब भी उनके नाम दर्ज नहीं है।

इसे देखते हुए शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को स्कूल की भूमि से अतिक्रमण हटाने और विद्यालयों के नाम भूमि की रजिस्ट्री के निर्देश दिए हैं। मंत्री का कहना है कि हर विद्यालय की भूमि उसके नाम दर्ज होनी चाहिए। उन विद्यालयों को समग्र शिक्षा के तहत पैसा नहीं दिया जाएगा जिनके नाम जमीन नहीं है। प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा के तहत 591 और प्रारंभिक शिक्षा के 43०० विद्यालयों के नाम जमीन नहीं है। विद्यालयों को यह जमीन दान में मिली है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक जमीनों की कीमत बढ़ने से स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण बढ़ रहा है। ऐसे भी प्रकरण हैं जिनमें भूमि स्कूल के लिए दान में दिए जाने के बाद अब नई पीढ़ी इस भूमि पर अपना हक जता रही है। देहरादून में सचिवालय के ठीक सामने एक सरकारी जूनियर हाईस्कूल चल रहा था। करीब 2०० करोड़ रुपये कीमत की इस भूमि को कानूनी दांव-पेंच में उलझाने के बाद स्कूल ही शिफ्ट करवा दिया गया। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मुताबिक राज्य में करीब 17,००० सरकारी विद्यालय हैं। इनमें से अधिकतर विद्यालयों के नाम जमीन की रजिस्ट्री करवा दी गई है। जिन विद्यालयों के नाम जमीन की रजिस्ट्री नहीं है उनकी रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ विद्यालय वन भूमि में हैं। वन भूमि वाले विद्यालयों की जमीन की रजिस्ट्री के लिए भी नीति बनाई जाएगी। इसके लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा।

विद्यालयों को अतिक्रमण से मुक्त रखा जा सके और कोई व्यक्ति दान में मिली स्कूल की जमीन पर अपना हक न जताए इसके लिए जमीन की रजिस्ट्री स्कूल के नाम करवाया जाना जरूरी है। देखने में आया है कि तीन से चार पीढ़ी के बाद कुछ लोग स्कूल की जमीन पर अपना हक जता रहे हैं।

# नगर में बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा की गई चेकिंग



**चन्दौसी।** सोमवार को नगर में उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार अजय कुमार शुक्ला उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड प्रथम चंदौसी वरुण कुमार अवर अभियंता हनुमानगढी, अभिषेक कुमार अवर अभियंता तहसील अजय कुमार अवर अभियंता पॉवर हाउस, तथा लाइन स्टाफकेसाथ घरेलू विद्युत बकाये पर सघन चेकिंग अभियान शहर के हाई लाइन लॉस फीडर टाऊन 2 उपकेन्द्र हनुमानगढ़ी मोहल्ला राज पर चलाया गया इस अभियान के तहत 88 घरों को चेक किया गया जिसमें की 16 लोगों की लाइन बकाए पर कटवाए गए तथा 12 लोगों से बिल वसूली की गई जिनका कुल धनराशि 1.12 लाख थे। इस अभियान के अंतर्गत कुल 2 मीटर भी बकाया पर उखाड़े गए, जिनका लंबे समय से बिल जमा नहीं थे। चार लोगों का लोड भी बढ़ाया गया। इसके साथ ही 2 लोगों को विद्युत चोरी करते हुए भी पकड़ा गया है जिनके खिलाफ विद्युत चोरी में प्राथमिकी दर्ज करवाई जा रही है। इस माह मे अभियान लगातार शहर के सभी मोहल्लो में जारी रहेगा। अत: सभी से अनुरोध है कि अपने विद्युत बकाये को समय से जमा करा दें तथा किसी भी अप्रिय कार्रवाई से बचें। अजय कुमार शुक्ला उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड प्रथम चंदौसी।

# विकासखंड बहजोई में जन जागरूकता शिविर का किया आयोजन



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**बहजोई।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के निर्देशन में दिनांक-14.1०.2०24 को ब्लॉक सभागार, बहजोई ब्लॉक में विधान से समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं के हितार्थ कानूनी विषय पर नि:शुल्क विधिक साक्षरताध्जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान अर्चना सिंह-प्रथम, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं से संबंधित विभिन्न कानूनों के तहत प्रदान किए गए बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपायों के बारे में जागरूक किया गया, महिलाओं को विभिन्न अपराधों के मामलों में निवारण हेतु स्थानीय सक्षम अधिकारियों से संपर्क करने हेतु जागरूक किया गया एवं महिलाओं को उनकी शिकायतों के निवारण के लिए उपलब्ध विभिन्न चौनलों यानी एनसीडब्लू, नालसा, पुलिस, कार्यपालिक एवं अन्य गैर सरकारी संगठनों से सम्पर्क करने एवं उनका उपयोग करने की प्रक्रिया के विषय में समझाया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी, चन्द्रभूषण सिंह, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरपर्सन गौरव गुप्ता एवं अन्य सदस्य गौरव शर्मा, नीलम राय, ब्लॉक डिवलपमेंट ऑफिसर अखिलेश कुमार, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संजीव कुमार, असिस्टेंट चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मयंक गोयल एवं महिला कार्यकर्ता ममता गुप्ता, सूरजमुखी, सुमनलता, गायत्री देवी आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध् मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संभल स्थित चंदौसी अर्चना सिंह, द्वारा दी गयी।

# नगर में धूमधाम से निकली भरत मिलाप की शोभायात्रा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** श्री रामलीला कमेटी सम्भल के तत्वाधान में भरत मिलाप की शोभायात्रा आस्था व उत्साह के साथ धूमधाम से निकाली गई। जिसमें वनवास पूर्ण कर अयोध्या वापस आने पर भगवान राम और भ्राता भरत के मिलाप का दर्शन कर भक्तों के आंखों से खुशी की अश्रु धारा फूट पडी। प्रभु की जयद्योष से समस्त वातावरण गुंजयामन हो उठा और चारों दिशाओं से पुष्प वर्षा होने लगी। भगवान गणेश और राम दरबार का विधिवत पूजन कर नखासा में मुरारीलाल की फड से भरत मिलाप की शोभायात्रा का शुभारम्भ किया गया। इसके साथ ही शोभायात्रा नखासा चौराहा से मौहल्ला ठेर, सर्राफा बाजार, घंटाघर चौराहा, टंडन तिराहा से कोतवाली मार्ग होते हुए पुरानी तहसील के निकट भरत मिलाप स्थल पर पहुंची। जबकि दूसरी तरफ भरत के साथ अयोध्यावासी यात्रा करते हुए यहां पहुंचे। इसके बाद भगवान राम का उनके अनुज भरत से मिलाप हुआ।

राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुधन एक-दूसरे से भावपूर्ण अंदाज में गले मिले। प्रभु राम और भरत का मिलन देखकर श्रद्धालुओं की आंखें भी नम हो गई और उनकी आंखों से खुशिऔयों के आंसू की धारायें प्रवाहित होने लगी। राम-भरत मिलाप होते ही चारों दिशा से पुष्पों की वर्षा होने लगी व प्रभु के जयद्योष से समस्त वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा में भगवान गणेश, श्री कृष्ण, गंगा मैया, श्री राम दरबार की भव्य झांकियां के साथ कई अखाड़ा सभी के आकर्षण व आस्था केन्द्र रहं। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिग से भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे।

## सार-संक्षेप

# हेलंग-मारवाड़ी बाईपास पर सड़क कटिंग के दौरान हुआ भूस्खलन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चमोली।** हेलंग-मारवाड़ी बाईपास पर सड़क कटिंग के दौरान भारी भूस्खलन हो गया। इस दौरान यहां काम कर रहे मजदूर जान बचाने के लिए भागे। गनीमत रही कि मजदूर भागने में सफल रहे। और मौत के गुबार से बच गए।

चमोली जोशीमठ के हेलंग-मारवाड़ी बाईपास पर पहाड़ी से हुए अचानक भारी भूस्खलन से यहां एक मशीन दब गई। इन दिनों मारवाड़ी बाई पास का काम किया जा रहा है। जिस दौरान यह हादसा मजदूर काम पर लगे थे। चट्टान अपने तरफगिरते देख मजदूर जान बचाकर भागे।

# बिजली के खंभे से टकराई बाइक एक घायल



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** रविवार की रात्रि लगभग 9 बजे बिजली के खंभे से बाइक टकरा गई जिसमें बाइक पर तीन सवार में से एक युवक घायल हो गया घायल को ग्रामीणों द्वारा घायल के परिजनों को सूचना दी गई तो परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया हालत गंभीर होने के कारण सोमवार की सुबह जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया गया थाना कैलादेवी क्षेत्र के सुनील पुत्र डुप्टी तथा कुमारपाल पुत्र हेमराज रामगोपाल पुत्र होराम निवासी सिकंदरपुर तीनों एक बाइक पर सवार होकर कैला देवी दावत खाने गए थे जैसे ही रात्रि में वापस लौट रहे थे तो ग्राम शकरपुर में बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई जिसमें सुनील पुत्र डुप्टी गंभीर रूप से घायल हो गया घायल होते देख ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और ग्रामीणों ने घायल के परिजनों को सूचना दी तो परिजनों द्वारा रात्रि होने के कारण नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए सुबह को जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

# ग्रामीणों ने राशन वितरण न करने की जिलाधिकारी से की शिकायत

**संभल।** विकासखंड पवांसा की ग्राम पंचायत सैमला के ग्रामीण एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट बहजोई पहुंचे जहां उन्होंने राशन डीलर के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया है कि यह राशन डीलर पति भगवान सिंह अपनी दबंगई के चलते पूरे गांव में राशन वितरण मशीन लेकर घर-घर घूमता है और किसी बहाने से अंगूठा निशान लगवा लेता है और फिर जब राशन वितरण का समय आता है तो ग्रामीण राशन लेने के लिए जाते हैं फिर उनसे अभद्र व्यवहार करता है और गाली गलौज कर भगा देता है और कहता है की आपका अंगूठा नहीं आ रहा तो मैं क्या करूं अगली बार ले लेना एक तरफतो उत्तर प्रदेश में योगी सरकार राशन वितरण निशुल्क करा रही है की कोई भी गरीब बेसहारा राशन से वंचित नहीं रहे क्योंकि जीवन यापन करने के लिए मुख्य खाद्य पदार्थ राशन होता है अगर किसी कारण बस घर पर राशन नहीं है तो भूख से किसी के भी साथ घटना घटित हो सकती है इसलिए हर ग्राम पंचायत में निशुल्क राशन वितरण किया जा रहा है इस अवसर पर चरण सिंह सुरामवती बिरलेश नील सिंह श्रीपाल सिंह सूरजपाल सिंह वीरेंद्र माया देवी किशन देई आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाकियू ने तहसील परिसर में किया धरना प्रदर्शन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस द्वारा ए डी एम कार्यालय परिसर संभल में किसानों की समस्याओं को लेकर किसान पंचायत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी ने एवं संचालन युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने किया।

पंचायत में बोलते हुए जिलाध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रशासनिक भ्रष्टाचार के कारण जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वही संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कहा कि जिले की प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखाओं के द्वारा क्रेडिट कार्ड पर अन्य बैंकों के मुकाबले ज्यादा ब्याज वसूला जा रहा है। किसानों की खतौनी में उनके हिस्सों को दर्ज करने में की गई कमियां दूर होनी चाहिए। प्रदेश भर में इसके लिए गांव गांव अभियान चलाया जाए। अन्य वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि जल मिशन योजना में भी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसकी जांच होनी चाहिए। विद्युत विभाग में कोई भी काम बिना लेनदेन के नहीं होता है , आधे से ज्यादा मीटर गलत बिल निकाल कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं ! कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार संभल को सोपा !पंचायत में पहुंचे विभाग के अधिकारियों द्वारा कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर दिया गया एवं अन्य समस्याओं के जल्द निस्तारण की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अधाना, राष्ट्रीय सलाहकार उदयवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जसपाल चपराना, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, जिला महामंत्री अनमोल कुमार, जिला कानूनी सलाहकार एड. ललित गुर्जर, जिला अध्यक्ष अमरोहा दीपक गुर्जर, मंडल उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, तहसील धीरेंद्र त्यागी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किशोरी के साथ गैंगरेप, जागरण देखने गई थी किशोरी




**नैनीताल।** हल्द्वानी शहर के मुखानी थाना क्षेत्र में नाबालिग से गैंग रेप का मामला सामने आया है। दो युवकों ने नाबालिग को आम के बाग में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया। इसके बाद उसे बाग में छोड़कर फरार हो गए। उधर नाबालिग की मां की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरा आरोपी फरार है।

किशोरी की मां ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि सात अक्तूबर को पनियाली क्षेत्र में एक जागरण चल रहा था। मुखानी थाना क्षेत्र की 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी भी यही गई थी। रात करीब 11:3० बजे जब वह वापस लौट रही थी। तभी दो युवकों ने उसे बाग में खींच लिया। इसके बाद उसका मुंह बंद कर उसके साथ बारी-बारी से गैंग रेप किया। इसके बाद दोनों युवक नाबालिग को बाग में छोड़कर फरार हो गए। उधर किसी तरह नाबालिग घर पहुंची। इसके बाद उसने परिवार वालों को बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले अशीष (23) और हिमांशु (24) ने उसके साथ रेप किया। इसके बाद किशोरी की मां ने 11 अक्तूबर को पुलिस को तहरीर सौंपी।

एसओ मुखानी विजय मेहता ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी का मेडिकल कराया गया है। इसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। एक आरोपी हिमांशु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दूसरे को पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# वर्तमान समय में ज्ञान दान युग धर्म है: उमानंद



**संभल।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत एन्क्राइट इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिजनौर लखनऊ के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 424वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकत्री मुन्नी देवी ने अपने प्रिय जीवनसाथी स्व. राज वल्लभ दास गुप्ता की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्षों एवं फार्मेसी के अधिकारीगणों को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाडमय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि "वर्तमान समय में ज्ञान दान युग धर्म है।

संस्थान के प्रधानाचार्य प्रो. अरूण ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री, देवेन्द्र सिंह, विजय, मुन्नी देवी एवं संस्थान के चेयरमैन डॉ. कीर्ति कुमार, सी.ओ.ओ. डॉ. रितिका रोहतांगी अरोरा, सी.ई.ओ. करन रोहतांगी अर्जुन रोहतांगी सुनील रोहतांगी निविदिता रोहतांगी विभागाध्यक्ष, चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

# शिक्षक दंपती को संरक्षण देने में दो गिरफ्तार

**अमरोहा।** सुल्तानठेर स्कूल के प्रधानाध्यापक संजीव की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी शिक्षक दंपती के भाई व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। दोनों ने मामले में नामजद शिक्षक दंपती को संरक्षण दिया था। हालांकि, आरोपी अभी फरार हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपी का चालान कर दिया है।

गजरौला के सैफीनगर निवासी सुल्तानठेर के कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने एक अक्तूबर को स्कूल में ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में पुलिस ने स्कूल के सहायक अध्यापक राघवेंद्र सिंह, उनकी पत्नी शिक्षक सरिता और बीएसए मोनिका के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की थी। राघवेंद्र और सरिता पर प्रधानाध्यापक को प्रताड़ित करने का आरोप था। जिसमें बीएसए की भी भूमिका होने की बात थी। उक्त आरोप प्रधानाध्यापक ने अपने सुसाइड नोट में लगाए थे। मामले की जांच के लिए डीएम ने एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित की थी। टीम ने स्टाफ समेत अन्य लोगों के बयान दर्ज करते हुए दस्तावेज भी कब्जे में ले लिए थे।

उधर, मामले में नामजद राघवेंद्र व सरिता की गिरफ्तारी को पुलिस लगातार दबिश दे रही है, लेकिन वह हाथ नहीं लग पा रहे हैं। दंपती का मकान एमडीए कॉलोनी में है।

# दो डाक सेवकों के शैक्षणिक दस्तावेज मिले फर्जी, दो भागे, चारों की नियुक्ति निरस्त



**उत्तराखंड।** डाक विभाग पौड़ी को मिले नवनियुक्त डाक सेवकों के दस्तावेजों की विभागीय जांच में दो डाक सेवकों के शैक्षणिक दस्तावेज फर्जी मिले हैं। दोनों ही उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, जबकि दो डाक सेवक जांच का नाम सुनकर भाग खड़े हुए। ये मध्य प्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं।

विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चयनित चारों डाक सेवकों की नियुक्ति निरस्त कर दी है। ग्रामीण डाक सेवक के पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया संपन्न होने के बाद पौड़ी के डाक विभाग को 165 डाक सेवक मिले हैं। इनमें 77 नवनियुक्त डाक सेवकों ने पौड़ी मुख्यालय में आमद कराई। पदभार संभालने के लिए लिखे जाने वाले पत्र में नवनियुक्त डाक सेवक हिंदी भी ठीक से नहीं लिख पा रहे हैं। शैक्षणिक दस्तावेजों में उनके अंक 96-97 फीसदी हैं। विभाग ने नवनियुक्त डाक सेवकों के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच शुरू की, तो डाक विभाग पौड़ी को दो डाक सेवकों के शैक्षणिक दस्तावेज फर्जी मिले हैं। दोनों यूपी के बिजनौर जिले के हैं, जबकि मध्य प्रदेश के रहने वाले दो डाक सेवक ज्वाइनिंग के लिए पहुंचे। उन्हें विभाग ने शैक्षणिक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति देने और सभी दस्तावेजों की जांच की बात कही, तो वह दस्तावेजों की फोटो कॉपी कराने की कहकर गए, लेकिन लौटकर नहीं आए। अनिल कुमार यूपी के बिजनौर जिले में बमनोला, चांदपुर का रहने वाला है। उसने वर्ष 2०14 में यूपी बोर्ड से 1०वीं परीक्षा 97 फीसदी अंकों से पास की है। जिस पर उसका चयन डाक सेवक पद पर हुआ है। जांच में पाया गया कि जिस रोल नंबर का अंकपत्र अनिल कुमार का है, वह किसी दूसरे छात्र का है, जो बोर्ड परीक्षा में फेल हुआ है, लेकिन दोनों का नाम एक है। हालांकि, माता-पिता का नाम व जन्मतिथि अलग-अलग है।

अंकुर यादव यूपी के बिजनौर जिले के ग्राम हुसैनपुर खासा, बसंतपुर का निवासी है। वर्ष 2०13 में 1०वीं की बोर्ड परीक्षा 97 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। उसका चयन डाक सेवक के रूप में हुआ और सेवा के लिए पौड़ी डाक विभाग मिला।

# बैठक से पहले सुरक्षा व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में मंगलवार से शुरू होने वाले शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए सोमवार को सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। देश भर में बढ़ते आतंकी हमलों और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी की तरफसे लगातार किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच आयोजित होने वाले इस बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विदेशी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंचने लगे हैं। बता दें कि इस बैठक में शामिल होने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर कल पाकिस्तान रवाना होंगे।



वहीं चीन और रूस के प्रधानमंत्री समेत अन्य देश शंघाई सहयोग संगठन के शासनाध्यक्षों की दो दिवसीय 23वीं परिषद की बैठक में भाग ले रहे हैं। इस बैठक में अर्थव्यवस्था, व्यापार और पर्यावरण के क्षेत्र में चल रहे सहयोग पर चर्चा की जाएगी। जानकारी के मुताबिक सीएचजी बैठक में अर्थव्यवस्था, व्यापार, पर्यावरण, सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्र में चल रहे सहयोग पर चर्चा की जाएगी और संगठन के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी।

नेता एससीओ सदस्य देशों के बीच सहयोग को और बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लेंगे और संगठन के बजट को मंजूरी देंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सीएचजी के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में, आगामी सीएचजी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के अनुसार, एससीओ सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के अलावा चीन, रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्रियों के साथ-साथ ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति भी करेंगे। जबकि मंगोलिया के प्रधानमंत्री और तुर्कमेनिस्तान के विदेश मंत्रियों के मंत्रिमंडल के उपाध्यक्ष भी बैठक में भाग लेंगे। 76 सदस्यीय रूसी प्रतिनिधिमंडल, चीन से 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, भारत से चार सदस्यीय आधिकारिक प्रतिनिधि मंडल, किर्गिस्तान से चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और ईरान से दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पहले ही इस्लामाबाद पहुंच चुका है।

वहीं इस बैठक को देखते हुए पाकिस्तानी अधिकारियों ने सभी प्रकार की राजनीतिक सभाओं और विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया है, हालांकि, इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की तरफसे विरोध प्रदर्शन की धमकी के कारण तनाव जारी है। बता दें कि पीटीआई ने घोषणा की है कि अगर पार्टी नेताओं और अन्य लोगों को इमरान खान से मिलने की अनुमति नहीं दी गई तो वे डी-चौक पर प्रदर्शन करेंगे। इस मामले में अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने की चेतावनी दी।

## श्रीलंका में शुरू हो सकती है अदाणी की बिजली

**टोक्यो।** श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह भारत के अदाणी समूह को पवन ऊर्जा परियोजना के लिए पिछली सरकार की तरफसे दी गई मंजूरी पर पुनर्विचार करेगी। अटॉर्नी जनरल की ओर से सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ को बताया गया कि परियोजना की समीक्षा करने का निर्णय 7 अक्टूबर को हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया था। अदालत को बताया गया कि नई सरकार का अंतिम निर्णय 14 नवंबर को संसदीय चुनाव के बाद नए मंत्रिमंडल की स्थापना के बाद बताया जाएगा। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले वादा किया था कि उनका नेशनल पीपुल्स पावर गठबंधन इस परियोजना को रद्द कर देगा। श्रीलंका के ऊर्जा क्षेत्र की संप्रभुता के लिए खतरा है।

# ट्रंप ने दुश्मनों को बताया खतरनाक

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव के दिन यानी पांच नवंबर को आंतरिक दुश्मन से निपटने के लिए सेना की मदद लेने की सलाह दी है। बता दें, हाल ही में कैलिफोर्निया में ट्रंप की रैली के बाहर बंदूक और फर्जी पास के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों को संदेह है कि यह रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की तीसरी बार हत्या करने की कोशिश हो सकती है।



वहीं, ट्रंप ने रविवार को वादा किया कि यदि वह दोबारा राष्ट्रपति चुने गए तो 10,000 अतिरिक्त सीमा गश्ती एजेंट नियुक्त करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने आव्रजन के मुद्दे पर कमला हैरिस पर हमला बोला। ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह अपने समर्थकों या विदेशी तत्वों की ओर से हो रही अराजकता को लेकर चिंतित नहीं हैं, लेकिन वह कट्टरपंथी वाम पागलों को लेकर परेशान हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बड़ी समस्या अंदर के लोग हैं। हमारे पास कुछ बहुत बुरे लोग हैं। हमारे पास कुछ बीमार लोग हैं। कट्टरपंथी वाम पागलों, मुझे लगता है कि अगर आवश्यक हो तो नेशनल गार्ड द्वारा या अगर वास्तव में आवश्यक हो तो सेना द्वारा इसे बहुत आसानी से संभाला जाना चाहिए, क्योंकि वे ऐसा नहीं होने दे सकते।

उन्होंने आगे कहा, श्हमारे दो दुश्मन हैं। एक बाहरी दुश्मन और दूसरा आतंरिक दुश्मन। मेरी राय में अंदर मौजूद दुश्मन चीन, रूस और इन सभी देशों से ज्यादा खतरनाक हैं। चुनाव के दिन अमेरिका में आतंकवादी हमले की कथित साजिश रचने के लिए न्याय विभाग द्वारा एक अफगान नागरिक को गिरफ्तार करने के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने इसका दोष अपने राजनीतिक विरोधियों पर मढ़ा।

उन्होंने बार-बार हमला किए जाने वाले प्रवासियों के संदर्भ में कहा कि मुझे लगता है कि बड़ी समस्या अंदर के दुश्मन हैं, यहां तक कि वे लोग भी नहीं जो हमारे देश में आए और हमारे देश को बर्बाद कर रहे हैं। वैसे वो लोग हमारे देश, कस्बों, गांवों को पूरी तरह से नष्ट कर रहे हैं। इसके अलावा, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वादा किया कि अगर फिर से राष्ट्रपति बने तो 10,000 अतिरिक्त सीमा गश्ती एजेंट नियुक्त करेंगे। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने एरिजोना में एक रैली में कहा कि वह अमेरिकी संसद से सीमा गश्ती एजेंटों के लिए 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि होगी।

# जापान यात्रा पर रहेंगे सेना प्रमुख द्विवेदी

**नई दिल्ली।** थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी जापान और भारत के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के मकसद से पूर्वी एशियाई देश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। सेना प्रमुख 14 से 17 अक्तूबर तक जापान की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे हिरोशिमा भी जाएंगे, जहां वे हिरोशिमा शांति पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वह शांति पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



रक्षा मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा कि यह यात्रा भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग की मजबूत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनरल द्विवेदी सोमवार को जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज से बातचीत करेंगे और इसके बाद टोक्यो में भारतीय दूतावास में दोनों देशों के बीच संबंधों पर एक चर्चा में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वह मंगलवार को इचिगाया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से भी बातचीत करेंगे।

रक्षा मंत्रालय की तरफसे बताया गया कि इस यात्रा के दौरान वह जॉइंट सेल्फडिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल योशिदा योशिहिदे, जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोरिशिता यसुनोरी, एक्यूजिशन, टेक्नोलॉजी और लॉजिस्टिक एजेंसी के कमिश्नर इशिकावा ताकेशी के साथ बैठकें करेंगे। इन बैठकों का मकसद भारत और जापान के बीच मजबूत सैन्य सहयोग को और प्रगाढ़ बनाना है। जनरल द्विवेदी इचिगाया में रक्षा मंत्रालय में एक स्मारक पर श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे और जेजीएसडीएफ द्वारा उन्हें सलामी दी जाएगी। फूजी स्कूल के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल कोडामा यासुयुकी के साथ बातचीत करेंगे। अपनी यात्रा के अंतिम चरण में वह 17 अक्तूबर को हिरोशिमा जाएंगे।

## मेजर जनरल ने नेपाल सेना प्रमुख से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** गोरखा राइफल्स के रेजिमेंट 3 के मेजर जनरल चरणजीत सिंह देवगन ने शनिवार को नेपाल सेना के प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल से मुलाकात। उन्होंने भारत-नेपाल सैन्य संबंधों पर चर्चा की। भारतीय दूतावास ने एक बयान में यह जानकारी दी।

दूतावास ने एक बयान में कहा, गोरखा राइफल्स के रेजिमेंट 3 के युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित कर्नल मेजर जनरल चरणजीत सिंह देवगन ने नेपाल सेना के सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिग्देल से मुलाकात की और भारत व नेपाल के सैन्य संबंधों पर चर्चा की। देवगन ने अपनी छह दिन दिवसीय आधिकारिक नेपाल यात्रा के तहत सिग्देल से नेपाल सेना के मुख्यालय में मुलाकात की। बैठक में उन्होने सेना के बीच संपर्क को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।

# कमला बनेंगी अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विश्वविद्यालय के एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर एलन लिक्टमैन ने व्हाइट हाउस की कुंजी के रूप में जानी जाने वाली एक भविष्यवाणी प्रणाली विकसित की है, जिसने 1984 से सभी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के नतीजों को सही बताया है। जानकारी के मुताबिक एलन लिक्टमैन ने 1981 में रूसी भूभौतिकीविद् व्लादिमीर केइलिस-बोरोक की मदद से इस प्रणाली को विकसित किया और भूकंप की भविष्यवाणी के लिए केइलिस-बोरोक की तरफ से डिजाइन की गई भविष्यवाणी विधियों को अपनाया।



जानकारी के मुताबिक इस प्रणाली में कुल 13 कुंजियां हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को लेकर राजनीतिक वैज्ञानिक का कहना है कि अगर 13 में से 6 कुंजियां मौजूदा व्हाइट हाउस पार्टी के खिलाफ हैं, तो उसके हारने की भविष्यवाणी की जाती है, और इससे कम होने पर, उसके जीतने की भविष्यवाणी की जाती है। एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में, लिक्टमैन ने कहा कि केवल चार कुंजी हैं जो मौजूदा डेमोक्रेट के खिलाफ काम करती हैं, जिसका अर्थ है कि डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में वापस नहीं आएंगे। इतिहासकार ने कहा, व्हाइट हाउस पार्टी कुंजी 1, जनादेश कुंजी खो देती है, क्योंकि वे 2022 में यूएस हाउस की सीटें खो देते हैं।

वे कुंजी नंबर 3, सत्ता की कुंजी खो देते हैं, क्योंकि मौजूदा राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे कुंजी नंबर 12, मौजूदा करिश्मा कुंजी खो देते हैं, क्योंकि आप हैरिस के बारे में जो भी सोच सकते हैं, वह केवल थोड़े समय के लिए उम्मीदवार रही हैं। वह फ्रैंकलिन रूजवेल्ट की स्थिति तक नहीं पहुंची हैं। और वह कुंजी नंबर 11, विदेश नीति विफलता कुंजी खो देती है, क्योंकि मध्य पूर्व एक आपदा है, एक मानवीय संकट जिसका कोई अच्छा अंत नहीं दिखता है।

उन्होंने कहा, चार कुंजियां नीचे हैं, डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापस लौटने और हैरिस के हारने की भविष्यवाणी करने के लिए आवश्यक दो कुंजियां कम हैं। इसलिए कुंजियां भविष्यवाणी करती हैं कि हमारे पास एक नया पथप्रदर्शक राष्ट्रपति, हमारी पहली महिला राष्ट्रपति और मिश्रित एशियाई और अफ्रीकी मूल का पहला राष्ट्रपति होगा, जो इस बात का पूर्वाभास देता है कि अमेरिका कहां जा रहा है। हम तेजी से बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक देश बनते जा रहे हैं।

# नेतन्याहू ने बनाया खतरनाक प्लान

**जेरुशलम।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उत्तरी गाजा के जबालिया में इस्राइल के सैन्य अभियान तेज हो रहे हैं, इस्राइल रक्षा बल नागरिकों से इलाके को खाली करने और दक्षिण की ओर जाने की अपील कर रहा है। नई रिपोर्टों से पता चलता है कि यह क्षेत्र में मानवीय सहायता को बंद करने की विवादास्पद योजना का पहला चरण हो सकता है।



एक रणनीति जिसका उद्देश्य हमास के उग्रवादियों को भूखा मारना है, लेकिन इस योजना से सैकड़ों हजारों फलस्तीनी के सामने भोजन या पानी के बिना फंसने का संकट पैदा हो सकता है। पीएम नेतन्याहू और इस्राइली संसद के समक्ष सेवानिवृत्त जनरलों के एक समूह की तरफसे प्रस्तावित और समाचार एजेंसी द एसोसिएटेड प्रेस की तरफ से एक्सेस की गई योजना, गाजा पट्टी के उत्तरी तीसरे हिस्से में फलस्तीनियों को, जिसमें गाजा शहर भी शामिल है, क्षेत्र को बंद सैन्य क्षेत्र घोषित करने से पहले खाली करने के लिए एक हफ्ते का समय देगी। इसके बाद जो बचे रहेंगे उन्हें लड़ाके माना जाएगा, सैन्य नियमों के अधीन जो सैनिकों को उन्हें मारने की अनुमति देते हैं, और उन्हें भोजन, पानी, दवा और ईंधन जैसी आवश्यक आपूर्ति से वंचित कर दिया जाएगा। जनरलों की योजनाश् कहलाने वाली इस रणनीति को हमास नेतृत्व को खत्म करने और नागरिक आबादी के लिए असहनीय परिस्थितियां पैदा करके उत्तरी गाजा पर सशस्त्र समूह की पकड़ को तोड़ने के लिए बनाया गया है। इस योजना के मुख्य वास्तुकार, जियोरा एइलैंड, जो राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के पूर्व प्रमुख हैं, का मानना है कि यह साल भर से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और हमास पर बाकी इस्राइली बंधकों को रिहा करने का दबाव बनाने का एकमात्र तरीका है।

जियोरा एइलैंड के मुताबिक-हमने पिछले नौ या 10 महीनों में गाजा के उत्तरी हिस्से को घेर लिया है, इसलिए हमें जो करना चाहिए वो यह है कि हम उन सभी 300,000 निवासियों ख्संयुक्त राष्ट्र की तरफसे अनुमानित 400,000, को, जो अभी भी गाजा के उत्तरी हिस्से में रहते हैं कि उन्हें यह क्षेत्र छोड़ना होगा।

## मेक इन इंडिया के लिए फ्रांस प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** फ्रांस ने रक्षा क्षेत्र में भारत की मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। नौसैनिक प्रदर्शनी आयोजक यूरोनेवल के प्रबंध निदेशक ह्यूग्स डु प्लेसिस डी अर्जेंट्रे ने कहा कि भारत उसका सबसे अच्छा ग्राहक है और वह अपनी रक्षा संबंधी जरूरतों पर काम जारी रखेगा। फ्रांस में 2024 रक्षा प्रदर्शनी के दौरान उन्होंने नौसेना रक्षा में दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी सहयोग पर जोर दिया। डी अर्जेंट्रे ने दोनों देशों के बीच 70 वर्षों के सहयोग का जिक्र कर कहा कि फ्रांस ने भारत में 20 कारखाने स्थापित करने में मदद की है और आपस में रक्षा सहयोग करते रहे हैं। भविष्य के सहयोग पर ह्यूग्स डु प्लेसिस डी अर्जेंट्रे ने कहा, फ्रांसीसी कंपनियां भारतीय रक्षा कंपनियों के साथ सहयोग करती हैं।

# प्रिंसिपल पर यौन शोषण का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मैनहट्टन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल पर बच्चों का यौन शोष का आरोप लगाया गया है। उसके खिलाफ अदालत में मुकदमा भी दायर किया गया है। मुकदमे में दावा किया गया है कि प्रिंसिपल हर दिन एक छात्र का यौन शोष करता था।



छात्रों को वह बच्चे या राजकुमारी कहकर पुकारता था। प्रिंसिपल की पहचान ब्रेट किमेल के तौर पर की गई है, जे वर्तमान समय में मेरीलैंड में रह रहा है। आरोप लगाया गया है कि प्रिंसिपल ने एक छात्र पर ओरल सेक्स का दबाव बनाया और उसके 18वें जन्मदिन से पहले उसके साथ यौन शोष करने की कोशिश की। अदालत के कागजात में दावा किया गया कि आरोपी की नजर लड़की पर तब से थी, जब वह वॉशिंगटन हाइट्स एक्सपेडिशनरी लर्निंग स्कूल में कक्षा आठवीं में पढ़ती थी। किमेल ने पीड़िता को कई अनुचित संदेश और ईमेल भेजे। आरोपी ने बाद में लड़की से उसकी शर्टलेस सेल्फी भेजने के लिए कहा। पीड़िता ने अप्रैल में प्रिंसिपल और शिक्षा विभाग के खिलाफ मैनहट्टन फेडरल कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई। अदालत के दस्तावेज में बताया गया कि पीड़िता की बड़ी बहन ने किमेल को इसे लेकर चेतावनी भी दी थी, लेकिन इसके बाद भी उसने अनुचित संदेश भेजना जारी रखा। लड़की ने बताया कि प्रिंसिपल उसे कार में स्कूल से लेने और छोड़ने भी जाता था और कार में लड़की से यौन शोषण करता था। लड़की ने बताया कि उसके साथ लंबे समय तक यौन शोष शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण होता रहा। इस घटना के कई साल बाद लड़की ने प्रिंसिपल के खिलाफ मुकदमा चलाने का फैसला किया।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान मची भगदड़

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में रविवार को देवी दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंदू समुदाय और पुलिस के बीच झड़प होने से मचे भगदड़ में तीन लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। इस मामले में स्थानिय थाना प्रभारी मोहम्मद इनामुल हसन ने बताया कि स्थानीय लोगों ने बाजार में प्रवेश करने का प्रयास किया।



बाजार की सुरक्षा के लिए हमने उन्हें अंदर आने से रोका, जिसके कारण झड़प हुई। उन्होंने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने में असमर्थ होने के बाद मैने सेना को सूचित किया और सेना ने आकर भीड़ को तितर-बितर किया। अब स्थिति अब काफी हद तक नियंत्रण में है। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया गया कि ओल्ड ढाका के पटुआतुली इलाके में नूर सुपर मार्केट की छत से बदमाशों ने रविवार देर रात बुरिगंगा नदी में मूर्तियों को विसर्जित करने जा रहे जुलूस पर ईंटें फेंकी। इस दौरान एक पुलिस अधिकारी सहित तीन लोग घायल हो गए।

हमले के बाद, हिंदू समुदाय के सदस्यों ने बाजार में प्रवेश करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए उन्हें रोकने की कोशिश की, जिस दौरान झड़प तेज हो गई। बांग्लादेश में पांच दिवसीय दुर्गा पुजा बुधवार को शुरू हुआ जो कि रविवार को देवी दुर्गा के विसर्जन के साथ खत्म हुआ। हालांकि इस त्योहार के दौरान दुर्गा पूजा मंडपों में तोड़फोड़ की कई सारी घटनाएं सामने आईं।

## पांचवीं बार में कामयाब हुआ स्पेसशिप मिशन

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स ने रविवार को अपनी अब तक की सबसे साहसिक परीक्षण उड़ान पर अपना विशाल स्टारशिप रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसका बूस्टर सुरक्षित लौट आया और उसने अपनी मैकेनिकल भुजाओं से पैड को पकड़ लिया। इसी के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क ने इतिहास रच दिया है। यह स्टारशिप का 5वां उड़ान परीक्षण था। स्टारशिप सुबह टेक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट व सुपर हैवी रॉकेट को संयुक्त रूप से स्टारशिप कहा जाता है।

# हैरिस का समर्थन कर रहे अरबपति

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को अब एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में इन आखिरी हफ्तों में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन उम्मीदवार यानी कमला हैरिस तथा डोनाल्ड ट्रंप चुनावी तैयारी में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। मुकाबला कड़ा बना हुआ है।



जैसे-जैसे इस साल के राष्ट्रपति पद के चुनाव पास आ रहे, वैसे-वैसे देश भर के अरबपति चुपचाप हैरिस या ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। जबकि कुछ लोग अपने समर्थन को लेकर मुखर भी हैं। जहां, हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट जैसी दिग्गज हस्तियों का साथ मिल रहा है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क खुलकर आए हैं। हालांकि, वॉरेन बफेट और मार्क जुकरबर्ग जैसे कई अन्य लोग हैं, जो अपने राजनीतिक झुकाव के बारे में अफवाहों और अटकलों के बावजूद, इन सबसे दूर ही बनाए हुए हैं। अब एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। बताया जा रहा कि रिपब्लिकन उम्मीदवार की तुलना में डेमोक्रेट्स की उम्मीदवार को अधिक अरबपतियों का समर्थन मिल रहा है। फोर्ब्स के अनुसार, कमला हैरिस का 76 अरबपति समर्थन कर रहे हैं। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप को मात्र 49 अरबपतियों का साथ मिला है। हालांकि, अभी चुनाव में कुछ हफ्ते बचे हैं। ऐसे में कई और अरबपति किसी भी उम्मीदवार के लिए प्रतिबद्ध हो सकते हैं। हालांकि, इन अरबपतियों के योगदान को चुनाव के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा, जब दिसंबर में संघीय चुनाव आयोग की अंतिम रिपोर्ट जारी की जाएगी।

कमला हैरिस द्वारा अरबपतियों के पक्ष में नीतियों की आलोचना के बावजूद, कई धनी व्यक्ति व्यावहारिक कारणों से उनका समर्थन कर रहे हैं। हैरिस का समर्थन करने वाले एक दर्जन से अधिक अरबपतियों को जोर दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेलः amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941